आजाद सिपाही
रांची, शुक्रवार, 16 दिसंबर, 2022
www.azadsipahi.in


# खतियानी महा जुटान आयोजित

पिंटू कुशवाहा दिनकर



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति गोंदलपुरा के तत्वावधान में खतियानी महा जुटान का आयोजन फुटबॉल मैदान गोंदलपुरा में किया गया। मंच की अध्यक्षता पूर्व मुखिया श्रीकांत निराला व संचालन कृष्णा राणा ने किया। इसका विधिवत उद्घाटन अतिथियों द्वारा फीता काटकर किया गया। कार्यक्रम के बतौर मुख्य अतिथि जयराम महतो ने खोरठा भाषा में अपने संबोधन में कहा कि जमीन हमइन के माय है आर माय माटी से हमर पेट भरत है जकरा सम्मान खातिर हम अपन जान दिए कि तैयार हीय। आगे बताया कि हम भी भारत का विकास चाहते हैं लेकिन भूमि अधिग्रहण बिल 2013 के अनुरूप कंपनी जमीन के बदले जमीन, ग्रामीणों की 80% की सहमति, अधिकतम बाजार मूल्य के 4 गुना राशि का भुगतान, जमीन दाता एवं उनके परिजनों को नौकरी, सुनिश्चित करें या सरकार मेघालय और मिजोरम की तर्ज पर कोयला खनन का अधिकार ग्राम सभा को दे। अन्यथा भौतिक संसाधनों का अधिकार सिर्फ ग्रामसभा को है इसलिए खानाबदोश व प्रदूषण तथा बीमारी के लिए क्षेत्र की 1 इंच भी जमीन नहीं देंगे और ना ही अदानी कंपनी को क्षेत्र को बर्बाद करने देंगे। आगे उन्होंने कहा कि पूर्वजों ने गढा, नाला, जंगल, झाड़ को अपना खून और पसीना बहा कर समतल किया और उपजाऊ बनाया, जिस पर सिर्फ धान और गेहूं ही नहीं ,बल्कि गन्ना मकई मटर आलू टमाटर चना अरहर लहसुन प्याज समेत कई तरह की बहू फसली का उत्पादन किया जा रहा है और अपनी जीविकोपार्जन के साथ-साथ परिवार का विकास किया जा रहा है जिसे हम कभी मिटने नहीं देंगे। ऐसे बहुल असली उपजाऊ जमीन को सरकार की गलत नीतियों और प्रशासन के सहयोग से अदानी कंपनी बर्बाद करना चाहती है, जिसे कभी बर्दाश्त नहीं किया जायेगा क्योंकि झारखंड बनने के बाद झारखंड वासियों को सिर्फ दर्द ही मिला है भाजपा व कांग्रेस की सरकार क्रूर सरकार रही है, जिसने सदा अंग्रेजों की भांति किसानों, भूरैयतों व ग्रामीणों को लूटने का काम किया है। वहीं समाजसेवी विकास कुमार ने कहा कि भाषा और खतियान बचाने की जरूरत है आज हमारी खनिज संपदा नेताओं के गलत नीतियों के कारण अभिशाप बन गयी हो। स्थानीय लोग मूलभूत सुविधाओं से वंचित हैं। बाहरी का वर्चस्व है असंवैधानिक तरीके से ग्राम की जमीन को बिना आमसभा किए भूमि बैंक में डाल दिया गया जिसकी लड़ाई हमें लड़नी है। पूर्व मुखिया श्रीकांत निराला ने कहा कि प्रकृति और संस्कृति को बचाना हमारा फर्ज है। जल जंगल जमीन हमारा है। हम इसे खोने नहीं देंगे। कार्यक्रम को मुख्य रूप से जयनारायण मेहता, मोहन महतो, देव नाथ महतो, दीपक दास, प्रोफेसर लाल देव महतो, प्रो ज्योति जलधार, बसंती देवी, इंद्रदेव राम, फागू गोप, चौधरी यादव, गिरजा भुइयां भीखन महतो समेत दर्जनों लोगों ने संबोधित किया। मौके पर विकास कुमार, विक्रम कुमार, रवि कुमार समेत हजारों लोग मौजूद थे।

## सरौनी कला में जनता दल यूनाइटेड की बैठक



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** सरौनी कला में जनता दल यूनाइटेड हजारीबाग की एक बैठक आहूत की गई। इस बैठक में जदयू के पुराने कार्यकर्ता रंजन प्रसाद को उनके पार्टी के प्रति निष्ठा एवं लगन को देखते हुए उन्हें सदर प्रखंड का अध्यक्ष मनोनीत किया गया। जिलाध्यक्ष प्रभु दयाल कुशवाहा ने घोषणा की। बैठक की अध्यक्षता जदयू के पुराने कार्यकर्ता ज्ञानी महतो ने किया। इस अवसर पर जगदीश महतो, परमेश्वर ठाकुर, रमेश ठाकुर, विनोद प्रसाद, गणेश महतो, अशोक कुमार, पंकज कुमार, चंदन प्रसाद, शंकर प्रसाद, धनेश्वर महतो, प्रकाश प्रसाद, मिंटू कुमार, प्रदीप कुमार, जय लाल ठाकुर, राजेंद्र प्रसाद, दीपक ठाकुर, जल्लू महतो, शांति देवी, सीता देवी आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## नवनियुक्त कांग्रेस जिला अध्यक्ष का कस्तुरीखाप में हुआ स्वागत



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** महानगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मनोज नारायण भगत की अध्यक्षता में व महानगर उपाध्यक्ष गुड्डू सिंह के नेतृत्व में एकत्रित बिहार के पूर्व मंत्री कैलाश पति सिंह के आवास कस्तुरीखाप में कांग्रेस के नव नियुक्त जिला अध्यक्ष शैलेंद्र यादव का स्वागत पुष्प गुच्छ व शाल देकर किया गया। इस अवसर पर कॉग्रेस जिला अध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार यादव ने सभी उपस्थित लोगों का आभार और धन्यवाद व्यक्त किया। श्री यादव ने कहा कि पार्टी ने मुझे जो जिम्मेवारी दी है उसका निर्वहन इमानदारी पूर्वक करूंगा। साथ ही पार्टी के सभी कार्यकताओं के साथ सामंजस्य बैठाकर संगठन को मजबूत करूंगा। इस अवसर पर नवनियुक्त प्रदेश उपाध्यक्ष भीम कुमार का भी स्वागत किया गया। इन्होंने संगठन की बारीकियों को समझाया और संगठन को मजबूत करने पर बल दिया। इस अवसर पर सदर के पूर्व प्रत्याशी डॉ आरसी मेहता ने कहा कि आने वाला विधानसभा चुनाव व लोकसभा चुनाव में हजारीबाग में पार्टी का परचम लहरेगा। इस अवसर पर नव नियुक्त जिला मीडिया प्रभारी निसार खान का भी स्वागत पुष्प गुच्छ देकर किया। अन्य लोगों ने भी अपने विचार रखे, जिनमे वरिष्ठ कांग्रेसी इंटक के जिला अध्यक्ष मिथलेश दुबे, संजय गुप्ता, राजू चौरसिया, मकसूद आलम, प्रदेश प्रतिनिधि व बरकट्ठा विधानसभा के डॉ प्रकाश कुमार, इंटक के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष साजिद अली खान, कजरू साव, मंसूर आलम, दिलीप रवि, युवा जिला अध्यक्ष प्रकाश यादव, कृषि प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष ज्ञानी मेहता, स्वास्थ्य प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष डॉक्टर प्रणय सिन्हा, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष तस्लीम अंसारी उर्फ दरोगा, उधोग प्रकोष्ठ के शुभम शर्मा, पंचायती राज्य के जिला अध्यक्ष उदय साव, सेवादल के बबलू कुशवाहा, बिनोद यादव, पदमा बीस सूत्री अध्यक्ष संजय यादव, मनीषा टोप्पो, गुंजन सिंह, रवि सिंह सहित अन्य कार्यकर्ता व ग्रामीण उपस्थित थे।

## शीतकालीन सत्र में पोषण सखी के मुद्दे को उठाने के लिए विधायक को ज्ञापन सौंपा

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** नौकरी वापसी को लेकर पोषण सखियों ने गुरुवार को विधायक नीरा यादव को ज्ञापन सौंपकर 19 दिसम्बर से शुरू हो रहे झारखंड विधानसभा की शीतकालीन सत्र के दौरान पोषण सखी के मुद्दे को जोरदार तरीके से उठाने का आग्रह किया। ज्ञात हो कि कुपोषण अभियान के तहत वर्ष 2015 - 16 में झारखंड के छह जिलों के आंगनबाड़ी केन्द्रों में 10388 पोषण सखी की बहाली हुई थी। वर्ष 2018 से केंद्र सरकार के द्वारा दिया जाने वाला वित्तीय सहायता बंद कर दिए जाने के कारण इसी वर्ष अप्रैल माह से झारखंड सरकार ने इन पोषण सखियों को कार्य से हटा दिया। अचानक नौकरी छिन जाने के कारण काफी आर्थिक संकट से गुजर रही है। इन लोगों ने हाई कोर्ट में याचिका भी दायर किया है। अपनी मांगों को लेकर जिला से राज्य तक लगातार ये लोग संघर्ष कर रही है, लेकिन इन्हें आश्वासन के सिवाय कुछ नहीं मिल रहा है।

## बाइक और टोटो की टक्कर, तीन युवक घायल

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** गुरुवार की दोपहर तिलैया थाना करमा मे बाइक और टोटो की टक्कर मे बाइक सवार तीन युवक घायल हो गए। घायलों की पहचान सूरज कुमार यादव (उम्र 25 वर्ष, पिता संजय यादव), रोहित कुमार (उम्र 30 वर्ष, पिता मानसू यादव), दिनेश कुमार (उम्र 25 वर्ष) सभी ग्राम ढेबुआडीह कोडरमा के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार अपने मोटरसाइकिल से तिलैया से कोडरमा की तरफ आने के दौरान मे करमा के पास टोटो की टक्कर में बाइक सवार तीनों युवक घायल हो गए। ग्रामीणों की मदद से कोडरमा सदर अस्पताल लाया गया जहां इलाज चल रहा है।

## केटीपीएस में सफाई मजदूरों की हड़ताल 8वें दिन भी जारी



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** बांझेडीह केटीपीएस के गेट नंबर 1 के समक्ष मेसर्स सुरेश यादव के सफाई मजदूरों का अनिश्चितकालीन हड़ताल 8वां दिन भी जारी रहा। अभी तक ना तो डीवीसी कोई पहल कर रहा है और ना ही उक्त ठीकेदार द्वारा पहल किया जा रहा है। सफाई कर्मचारी केंद्र सरकार द्वारा बढ़ा हुआ महंगाई भत्ता का अविलंब भुगतान करने, बढ़ोतरी पैसा का एरियर भुगतान करने तथा नवंबर महीने का पेमेंट करने की मांग कर रहे हैं। सफाई मजदूर 8 दिसम्बर से बांझेडीह पावर प्लांट के गेट नंबर 1 के समक्ष अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं। इस हड़ताल को सफल बनाने के लिए सीपीआई के नेता सह राष्ट्रीय परिषद सदस्य कॉमरेड महादेव राम उपस्थित हुए तथा एटक यूनियन के प्रदेश उपाध्यक्ष सोनिया देवी मजदूरों के समर्थन में आई। इस दौरान सीपीआई के जिला कार्यकारिणी के सदस्य वीरेंद्र यादव, डीवीसी कामगार यूनियन के नेता दशरथ पासवान, रंजीत भारती, एटक जिला अध्यक्ष विनोद पासवान तथा सैकड़ों सफाई मजदूर उपस्थित थे।

## ग्रामीणों के साथ बैठक कर डीसी ने योजनाओं की दी जानकारी



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** गुरुवार को उपायुक्त आदित्य रंजन ने चंदवारा प्रखंड के कोटवारडीह व थाम कुम्हार टोला का दौरा किया। इस दौरान उपायुक्त ने ग्रामीणों के साथ बैठक कर उन्हें राज्य सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए जागरूक किया। उपायुक्त ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा बहुत सारे योजनाओं का संचालन किया जा रहा है, उन योजनाओं का लाभ लें और अपनी आजीविका के स्रोत बढ़ायें। इसके अतिरिक्त उन्होंने गांव में ग्रामीणों द्वारा किये जा रहे कार्यों को जाना और उनकी प्रशंसा की। इसके अतिरिक्त उपायुक्त ने क्षेत्रभ्रमण के दौरान चंदवारा प्रखंड अंतर्गत उत्तक्रमित +2 उच्च विद्यालय ढाब, चंदवारा का निरीक्षण किया। इस दौरान उपायुक्त श्री रंजन ने विद्यालय के छात्र, छात्राओं से बात-चीत कर उनके पठन-पाठन की जानकारी ली। उपायुक्त ने छात्राओं को सरकार की महत्वकांक्षी योजना सवित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के बारे में बताया। वहीं उन्होंने विद्यालय के शिक्षकों से कहा कि सभी सुपात्र बच्चियों को इस योजना का लाभ दें। इसके अतिरिक्त उपायुक्त ने सभी शिक्षकों को निर्देश देते हुए कहा कि प्रोजेक्ट इम्पैक्ट व प्रोजेक्ट रेल के तहत सभी बच्चों को गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा प्रदान करना सुनिश्चित करेंगे और ससमय टेस्ट लेना भी सुनिश्चित करेंगे। साथ ही बच्चों को सरकार द्वारा प्रदान की जाने वाली योजनाओं से अच्छादित करें। इसके अतिरिक्त महोदय ने कहा कि सभी बच्चे, शिक्षक ससमय स्कूल पहुंचे, इसका ख्याल रखेंगे। विद्यालय हमेशा साफ-सुथरा रखे। बच्चों को सर्वांगिग विकास के लिए स्कूल के प्रभारी और शिक्षकों को आवश्यक निर्देश दिया गया।

## अमनारी और भराजो विद्यालय में पोशाक वितरण

**टाटीझरिया (आजाद सिपाही)।** टाटीझरिया प्रखंड के मध्य विद्यालय अमनारी और भराजो में अध्ययनरत विद्यार्थियों के बीच पोशाक का वितरण किया गया। मध्य विद्यालय अमनारी में उपमुखिया कौलेश्वर कुमार, प्रधानाध्यापक छोटन कुमार रवि,अध्यक्ष धानेश्वर पासवान,शिक्षक कुलदीप पासवान, उमेश दीन, बलराम प्रसाद कुशवाहा,अर्जुन प्रसाद के हाथों 52 विद्याथियों के बीच किया गया। वहीं भराजो में विधायक प्रतिनिधि उपेंद्र पांडेय,पंसस शोभा देवी,प्रकाश रवि, प्रधानाध्यापक विनोद रवि, उपाध्यक्ष उर्मिला देवी, भुनेश्वर कुमार,संजय कुमार,व्रजमोहन प्रसाद,चंदर राम समेत अन्य उपस्थित थे। मौके पर अतिथियो ने कहा कि बच्चों साफ सफाई पर ध्यान दें और प्रतिदिन विद्यालय साफ पोशाक को पहन कर आवे और पढ़ाई पर ध्यान दें।

## अंबा प्रसाद ने बड़कागांव में किया धान अधिप्राप्ति केंद्र का उद्घाटन



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** विधायक अंबा प्रसाद ने बड़कागांव प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत चेपाकला, सांढ़, हरली, नापोखुर्द, कांडतरी, तलसवार पैक्स में धान अधिप्राप्ति केंद्र का विधिवत उद्धाटन किया। इस अवसर पर विधायक ने मौजूद किसानों को कहा कि आप अपने धान को बिचौलियों के बीच ना बेचकर पैक्स को ही दे, हमारी सरकार आपलोगों को समय पर पैसा देने का कार्य करेंगी। क्रय केंद्र में धान देने से सरकार के द्वारा निर्धारित मूल्य धान के एवज में मिलेगा और किसानों का अधिक मुनाफा होगा। विधायक ने किसानों से अपील करते हुए कहा कि अपने धान को बिचौलियों के हाथों ओने पौने दाम पर नहीं बेचे, सरकार द्वारा कई स्थानों पर धान अधिप्राप्ति केंद्र की स्थापना की गई है, किसान निर्धारित मूल्य पर धान अधिप्राप्ति केंद्रों में ही अपना धान बेचे। धान अधिप्राप्ति केंद्र का उद्धाटन के पश्चात विधायक ने पैक्स गोदाम में धान रखने का ब्यवस्था का जायजा लिया व मौजूद अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिया। मौके पर मुख्य रूप से प्रखंड कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री विशेश्वर नाथ चौबे, फागू यादव, चुरामन महतो, तपेश्वर महतो, कैलाश साहू, जगतनंदन प्रसाद गुप्ता, विमल करमाली,भीखन महतो, संतोष राणा, प्रकाश महतो, संजय साव, फुल्लु साव, पदुम साव, राजेश रजक, गोवर्धन साव, चंद्रिका समेत कई लोग मौजूद थे।

## खड़ी कार से साढ़े पांच लाख रुपये शीशा तोड़ उड़ा ले गये चोर



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** कोर्रा थाना क्षेत्र के बाबुगांव स्थित ग्रामीण बैंक के समीप खड़ी आई 20 कार से करीब साढ़े पांच लाख रुपये शीशा तोड़ कर चोर उड़ा ले गए। घटना गुरुवार दोपहर की है। बोचो गांव निवासी अनिल कुमार के द्वारा डिस्ट्रिक्ट बोर्ड चौक स्थित बैंक ऑफ इंडिया से पैसा निकाल कर केवाईसी करवाने ग्रामीण बैंक के पास रुक पैसा गाड़ी में छोड़कर ही बैंक चले गए थे। इसी बीच एक बाइक पर सवार दो लड़के गाड़ी का शीशा तोड़ कर पैसे उड़ा लिए। घटना की जानकारी पाकर कोर्रा थाना की पुलिस घटना स्थल पहुंच चोरी की धर पकड़ में लग गई है।

## गुंजरा नव प्राथमिक विद्यालय में हुआ पोशाक वितरण

**बरकट्ठा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के पंचायत झुरझुरी के गुंजरा नव प्राथमिक विद्यालय में पोशाक वितरण किया गया। वितरण कार्यक्रम में मुख्य रूप से बीईईओ बरकट्ठा किशोर कुमार झामुमो प्रखंड उपाध्यक्ष सह जिला संयुक्त सचिव प्रमोद गुप्ता मौजूद थे। वर्ग पहला एवं दूसरा वर्ग के सभी छात्रों को दो-दो सेट पोशाक, जूता-मौजा व स्वेटर के साथ वितरण किया। मौके पर बीईईओ किशोर कुमार ने कहा कि अभिभावक अपने बच्चों को विद्यालय साफ-सुथरे कपड़ों, ड्रेस में ही विद्यालय भेजे।

## उपायुक्त ने किया हरहद और सरैया गांव मतदान केंद्रों का स्थल निरीक्षण



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** मतदाता सूची का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2023 के तहत प्राप्त आवेदन प्रपत्र का सुपर चेकिंग जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त नैंसी सहाय के द्वारा चुरचू प्रखंड के ग्राम हरहद मतदान केंद्र संख्या 51 एवं 52 तथा पदमा प्रखंड के सरैया गांव में मतदान केंद्र संख्या 236 में स्थल निरीक्षण कर भौतिक सत्यापन किया। निरीक्षण क्रम के दौरान बीएलओ को आवश्यक निर्देश दिया। मौके पर उपायुक्त ने सभी संबंधित बीएलओ एवं सुपरवाइजर को शेष बचे फार्म को अविलंब ऑनलाइन एंट्री करने हेतु निर्देशित किया गया।

## डिवाइन स्कूल में साइबर अपराध सुरक्षा पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन



**बरकट्ठा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड अंतर्गत गगंपाचो स्थित सीबीएसई से प्लस टू तक मान्यता प्राप्त डिवाइन पब्लिक स्कूल में साइबर अपराध के रोकथाम को लेकर साइबर सुरक्षा को मजबूत करने के लिए जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। स्कूल निदेशक आई पी भारती और प्राचार्य भानु प्रताप सिंह की देखरेख में हुए कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि बरकट्ठा थाना प्रभारी विक्रम कुमार मौजूद रहे।थाना प्रभारी ने कहा कि आनलाइन प्लेटफॉर्म का उपयोग करते समय निवारक उपायों पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए।उन्होंने छात्रों को अपने मौलिक कर्तव्यों के बारे में जागरूक होने, छात्रों को किताब पढ़ने की आदत विकसित करने, ड्रग्स से दूर रहने और समाज में साइबर क्राइम और सुरक्षा के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने फायरवॉल, ट्विटर हैंडल आदि पर व्यक्तिगत जानकारी को सुरक्षित रखने के लिए भी बताया। विद्यालय निदेशक आई पी भारती ने कहा कि हर छात्र का दायित्व बनता है कि वह अपने आसपास के समाज में साइबर अपराध और सुरक्षा के बारे में लोगों को जागरूक करे।प्राचार्य भानु प्रताप सिंह ने कहा कि चूंकि लोगों द्वारा अपने दैनिक जीवन में इंटरनेट का व्यापक रूप से उपयोग किया जाता है, इसलिए इन प्लेटफार्मों के सुरक्षित उपयोग के लिए छात्रों को जागरूक करना आवश्यक है ताकि वे लोगों को भी सुरक्षित उपयोग की जानकारी दे सकें। संवादात्मक सत्र में सभी छात्रों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। कार्यक्रम में सीनियर वर्ग के सभी छात्र उपस्थित थे।कम्प्यूटर शिक्षक कुलदीप पासवान औपचारिक धन्यवाद ज्ञापन देकर कार्यक्रम का समापन किया। कार्यक्रम में रामनन्दन कुमार, काशीनाथ महतो, संजय यादव, प्रीति प्रभा, अनिल उपाध्याय, विमल किशोर सी.वेलू, सुलेखा मोदी, संगीता यादव, सुरेंद्र कुमार, आदि शिक्षकों ने भाग लिया।

### डुमरौन और देवकुली पैक्स में धान क्रय केंद्र का उद्घाटन

# किसान हड़बड़ी में धान बिचौलियों के पास नहीं बेचें : चेयरमैन

आजाद सिपाही संवाददाता



**इचाक।** प्रखंड के डुमरौन और देवकुली पैक्स में धान क्रय केंद्र का उद्घाटन गुरुवार को हुआ। उद्घाटन जिप चेयरमैन उमेश प्रसाद मेहता, कांग्रेस नेता डॉ आरसी मेहता और जीप सदस्य रेनू देवी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। जिप अध्यक्ष उमेश मेहता ने कहा कि किसान हड़बड़ी में अपना धान को बिचौलियों के पास नहीं बेचे। सरकार ने किसानों को अधिक मुनाफा देने का फैसला लिया है जिसके तहत सरकार पैक्सों के माध्यम से धान खरीद कर रही है। इसलिए किसान अपने धान को धान क्रय केंद्र में ही बेचें। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता डॉ आरसी प्रसाद मेहता ने कहा कि सरकार किसानों को अधिक मुनाफा देने के उद्देश्य पैक्सों के माध्यम से धान खरीद कर रही है। किसान अपना धान को पैक्स के माध्यम से बेचे ताकि अधिक लाभ मिले। पैक्स में धान बेचने वाले किसानों को 2040 रुपये समर्थन मूल्य एवं 10 रुपये बोनस मिलाकर कुल 2050 रूपए प्रति क्विंटल के दर से भुगतान किया जाएगा। पैक्स अध्यक्ष अभय कुमार एवं पुनम देवी ने कहा कि धान बेचने वाले किसान जिनका रजिस्ट्रेशन नहीं हुआ है वह जमीन का रसीद आधार कार्ड बैंक पासबुक की छाया प्रति एवं दो फोटो और प्रपत्र साथ भरकर अंचल कार्यालय में जमा करें, रजिस्ट्रेशन के बाद उनके मोबाइल में मैसेज आएगा। निबन्ध के बाद ही किसान धान बेच सकते हैं। मौके पर 20 सूत्री अध्यक्ष मनोहर राम, मुखिया चोहन मेहता, मंजू देवी, प्रमुख प्रतिनिधि सिकंदर कुमार दास, व्यापार मंडल अध्यक्ष जागेश्वर प्रसाद मेहता, प्रबिल मेहता, बरियठ पैक्स अध्यक्ष विकास मेहता, पूर्व मुखिया सुनील मेहता, मनोज मेहता, अनिल मेहता, रेनू देवी, दिगंबर मेहता, लालमोहन रविदास, मुकेश मेहता, मनोज मेहता, गिरधारी कुशवाहा, राजेंद्र मेहता, बीरबल मेहता, कैलाश मेहता, प्रशांत राणा, बबलू मेहता, अकाश कुमार, रंजीत कुमार, मुरली मेहता समेत कई किसान मौजूद थे।

## हजारीबाग उपायुक्त ने चुरचू प्रखंड के हरहद बूथ का किया निरीक्षण



**चरही (आजाद सिपाही)।** हजारीबाग उपायुक्त नैसी सहाय ने गुरुवार को चुरचू प्रखंड के ग्राम हरहद में बुथ का औचक निरीक्षण किया। उपस्थित प्रखंड विकास पदाधिकारी एंव अंचल अधिकारी ने शामिल हुए उपायुक्त ने कहा कि मतदाता सुची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2022/23 में नेए मतदाता की सुची में विशेष अभियान चलाया जा रहा है और 18 वर्ष से ज्यादा उम्र वाले या विवाहित महिला व्यक्ति को फार्म नम्बर 8 एंव मृत व्यक्ति को नाम हटाने के लिए फार्म नम्बर 7 को भर कर बीएलओ को यहां जमा किया जा सकता है। इस क्रम में हरहद बीएलओ कैलाश महतो सहित ग्रामीणों ने बड़ी संख्या में शामिल हुआ ।

## मुखिया ने किया पोशाक वितरण



**इचाक (आजाद सिपाही)।** राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय अलौंजा खुर्द एंव प्राथमिक विधालय अलौंजा कला और मदनपूर हिन्दी में कक्षा एक एवं द्वितीय में नामांकित बच्चों के बीच दो जोड़ी पोशाक एवं स्वेटर का वितरण अलौंजा खुर्द मुखिया सकेन्द्र प्रसाद मेहता के हाथों किया गया। मौके पर मुखिया श्री मेहता ने कहा कि सभी बच्चे नियमित रूप से विद्यालय आएं तथा उनके बीच समानता का भाव हो इसके लिए सभी बच्चों को सरकार द्वारा पोशाक उपलब्ध कराया जाना अच्छा कदम है। इस अवसर पर पंसस महेन्द्र पाण्डेय, लखन मेहता, विद्यालय के प्रधानाध्यापक गिरधारी महतो, महेश प्रसाद मेहता, राजेश यादव, सहायक शिक्षक श्री राम ठाकुर, विनोद पासवान, अमित मिर्धा, विद्यालय प्रबंधन समिति की अध्यक्ष नीलू देवी आदि उपस्थित थे।

## टाटीझरिया प्रखंड की खैरा पंचायत में धान क्रय केंद्र का हुआ उद्घाटन



**टाटीझरिया (आजाद सिपाही)।** टाटीझरिया प्रखंड के खैरा पंचायत के धान क्रय केंद्र का उद्घाटन प्रमुख संतोष मंडल,जिप सदस्य रामप्रसाद, मुखिया कुमारी माधुरी, सांसद प्रतिनिधि महेश अग्रवाल, विधायक प्रतिनिधि उपेंद्र कुमार पाण्डेय,दशरथ नारायण सिंह,सोबरन महतो,अध्यक्ष राजेश रंजन के द्वारा किया गया। प्रमुख संतोष मंडल ने कहा कि सरकार किसानों को अधिक मुनाफा देने के उद्देश्य पैक्सों के माध्यम से धान खरीद कर रही है । किसान अपना धान को बिचौलियों के हाथ औने पौने दाम में ना बेचकर पैक्स के माध्यम से बेचे ताकि किसानों को अधिक लाभ मिले । पैक्स में धान बेचने वाले किसानों को 2040 रुपये समर्थन मूल्य एवं 10 रुपये बोनस मिलाकर कुल 2050 रूपए प्रति क्विंटल के दर से भुगतान किया जाएगा ।पैक्स अध्यक्ष राजेश रंजन ने कहा कि धान बेचने वाले किसान जिनका रजिस्ट्रेशन नहीं हुआ है वह जमीन का रसीद आधार कार्ड बैंक पासबुक की छाया प्रति एवं दो फोटो और प्रपत्र साथ भरकर अंचल कार्यालय में जमा करें रजिस्ट्रेशन के बाद उनके मोबाइल में मैसेज आएगा । निबन्ध के बाद ही किसान धान बेच सकते हैं ।मौके पर अर्जुन महतो,विजय महतो,प्रमोद सिंह, सुरेश प्रसाद, श्यामलाल प्रसाद,राजु प्रसाद, सुरेंद्र प्रसाद, सीताराम कुशवाहा,विनय कुमार, राकेश रंजन,हेमा देवी,वैजनाथ महतो, राजकिशोर प्रसाद, मिथलेश प्रसाद, उमेश कुमार,प्रमेश्वर यादव, रजनीकांत चौधरी,मीरा देवी, कैलाश देवी,वीणा देवी समेत अन्य किसान उपस्थित थे।

## मुखिया ने किया कंबल वितरण



**विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)।** पंचायत भवन करगालो में मुखिया मोतीलाल महतो ने कंबल वितरण किया। मुखिया मोती लाल महतो, पंचायत सचिव रामानंद प्रसाद, पंचायत समिति सदस्य जुगल कुमार महतो ,उप मुखिया प्रमिला देवी, उप मुखिया प्रतिनिधि तुलसी कुमार महतो, वार्ड सदस्य लालकिशुन साव, खुबलाल साव, टोकन साव, मुंदवा देवी ,अंबिया देवी, प्रभा देवी, संतोष महतो, जुबेदा खातून, गूंजा देवी , अशोक महतो, प्रेम महतो, सहदेव दास,मनोज साव, अख़्तर अंसारी,खिरो साव, निरंजन मिस्त्री, बलदेव महतो,प्रमोद शर्मा एवं सैकड़ों ग्रामीणों के बीच विधवा वृद्धा विकलांग असहाय लोगों के बीच कंबल वितरण किया गया साथ ही साथ उत्क्रमित मध्य विद्यालय कर गालों मैं कक्षा पहली एवं दूसरी छात्र एवं छात्राएं के बीच गांव के सभी जनप्रतिनिधियों एवं सभी शिक्षकों ने पोशाक वितरण किए पंचायत के मुखिया मोती लाल महतो ने ग्रामीणों के बीच अभिवादन किये और उन्होंने कहे कि पंचायत के विकास के लिए एवं ग्रामीणों को लाभ पहुंचाने के लिए हम सभी जनप्रतिनिधि सदैव तत्पर रहेंगे ।

## वृंदावन पोलिडोक अस्पताल के डॉक्टरों ने किया कमाल, गंभीर मरीज को किया ठीक

# साढ़े 4 घंटे के सफल ऑपरेशन में निकाली गयी दो गोलियां

**ललपनिया में रंजीत साहू को बदमाशों ने मारी थी गोली**

बीरू कुमार

**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** किसी ने सच ही कहा है कि मारने वाला से बचाने वाला महान होता है। कुछ ऐसा ही कर दिखाया है रांची रोड स्थित वृंदावन पॉलीडॉक हॉस्पिटल के डॉक्टर कौशल एवं उनकी पूरी टीम ने। डॉक्टरों ने कड़ी मेहनत और बारीकी से इलाज कर गंभीर रूप से घायल व्यक्ति का सफल ऑपरेशन कर शरीर में फंसी दो गोलियों को निकाला। मरीज को गोलियों के अलावे शरीर के अन्य हिस्सों में चाकू से पांच बार वार किया गया था, जिससे मरीज की हालत काफी नाजुक बनी हुई थी। लेकिन भगवान का दूसरा रूप माने जाने वाले चिकित्सकों ने सही इलाज कर मरीज को पूरी तरह से स्वस्थ कर घर रवाना कर दिया।



### क्या है मामला

जानकारी के अनुसार 14 नवंबर बोकारो जिले के ललपनिया में अज्ञात अपराधियों ने रंजीत फ्यूल्स के मालिक रंजीत साहू को दो गोली के अलावे शरीर के अन्य हिस्सों में चाकू से 5 बार वार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया था। जिसके बाद उन्हें रांची रोड स्थित वृन्दावन पॉलीडॉक हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया। जिस समय उन्हें भर्ती कराया गया।,उस वक्त वह पूरी तरह से कोमा में थे।

### डॉ कौशल ने उठाया इलाज का बीड़ा

लेकिन उनका इलाज का बीड़ा अस्पताल के मुख्य चिकित्सक डॉक्टर कौशल और उनका टीम में शामिल डॉ चंद्रा, डॉ राजेश, डॉ अपूर्वा, डॉ अजित ने उठाया। उन्होंने अपनी पूरी टीम के साथ मरीज का इलाज करना शुरू किया। उन्होंने बताया कि हम लोगों ने शरीर से गोलियां निकालने से पहले क्षतिग्रस्त हिस्सों को ठीक किया। क्योंकि 24 घंटे से पहले गोलियों के कारण क्षतिग्रस्त हुए हिस्सों को फिट करना जरूरी होता है। ऐसा नहीं होने पर शरीर में इंफेक्शन बढ़ने की संभावना बढ़ जाती है। हालांकि हमारी पूरी टीम ने मेहनत कर लगभग साढ़े 4 घंटे का सफल ऑपरेशन किया। ऑपरेशन 15 नवंबर को किया गया। सफल ऑपरेशन में शरीर में फंसे दोनों गोलियों को निकाल लिया गया है। इसके अलावा चाकू से शरीर के विभिन्न हिस्सों में हुए क्षतिग्रस्त को दुरुस्त किया गया। करीब 1 माह के बाद आज मरीज पूरी तरह से स्वस्थ है। 15 दिसंबर को उन्हें अस्पताल से छुट्टी दे दी गयी।

### बेहतर इलाज और मरीजों को सकुशल घर वापस भेजना लक्ष्य : डॉ कौशल

डॉ कौशल का मानना है कि छोटी से जगह पर अस्पताल में लोगों के बेहतर इलाज करना ही हमारी पूरी टीम का उद्देश्य लक्ष्य है। हम लोग किसी भी मरीज को यहां से स्वस्थ होकर ही लौटना देखना चाहते हैं। इसके लिए पूरी टीम तन मन से लगी हुई है।

### पॉलीडॉक ने मुझे जीवनदान दिया : रंजीत साहू

मरीज रंजीत साहू ने कहा कि बदमाशों ने मेरी जिंदगी छीन ली थी। लेकिन पॉलीडॉक अस्पताल ने मुझे नया जीवन दिया है। जिसमे डॉ कौशल ने बड़ी मेहनत की है। साथ ही अस्पताल के एक एक कर्मी ने काफी सेवा की है, जिसके लिए मैं अस्पताल प्रबंधन का जीवन भर ऋणी रहूंगा।

## सौंदा डी पंचायत में स्वच्छ भारत मिशन के तहत विशेष ग्रामसभा का आयोजन



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत सौंदा डी पंचायत भवन में विभिन्न योजनाओं के चयन को ले गुरूवार को स्वच्छ भारत मिशन अभियान के तहत विशेष ग्रामसभा का आयोजन हुआ। इसकी अध्यक्षता मुखिया उपेंद्र शर्मा व संचालन पंचायत सेवक नरेश हजाम ने किया। ग्रामसभा में 200 नाडेल, 150 सोखता, 100 भस्म यंत्र, 50 कचड़ा-गड्ढा, 25 बांस सुखा कबर आदि योजनाओं का सर्वसम्मति से चयन कर उपस्थित लोगों ने हाथ उठाकर इसे पास किया। मौके पर पंचायत समिति प्रतिनिधि डब्लू पांडेय, उप मुखिया संजय भारती, वार्ड सदस्य अनजिना एक्का, किरण देवी, अमन तिवारी, सुबोध रजक, संजय कुमार, अरविंद ओझा, श्रवण राम सहित संतोष शर्मा, स्वयंसेवक संतोष रजक, असलम अंसारी, महिला समूह की नीलम कुमारी, रीना देवी, रीता कुमारी के अलावे 80 लोग मौजूद थें।

## बिन हथियारों के भी, चीनी सेना पर भारी, ये है भारतीय सेना हमारी : कारगिल फाइटर



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** पिछले 9 दिसंबर को चीनी सेना जिनकी संख्या करीब 300 से ज्यादा थी एक बार फिर से अरुणाचल प्रदेश के सीमाओं मे घुसपैठ का प्रयास को विफल किए जाने पर कारगिल फाइटर सूबेदार (सेवानिवृत्त) एचएन यादव ने सेना के शौर्य और पराक्रम को सेल्यूट किया है। एचएन यादव ने कहा कि अपनी सेना की निडरता, निर्भीकता और बॉर्डर एरिया (एलएसी) में रूल ऑफ एंगेजमेंट को फॉलो करते देश ने लाइव देखा। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि हमारी सेना कितनी मजबुत और फौलादी है। उन्होंने बताया कि हमारी सेना की जितनी भी सराहना की जाये कम है, क्योंकि मुझे जून 2020 से सेवानिवृति तक अरुणाचल प्रदेश मे ऑपरेशन चैकस और बफीर्ला चीता में चीनी गतिविधियों को बड़े करीब से जानने और शामिल होने का मौका मिला है। एचएन यादव ने कहा की भारतीय सेना पर संख्या बल का कोई दबाव नहीं रहता है। एक सैनिक दुश्मन देशों के 10-10 सैनिकों पर भारी पड़ता है। चीनी सैनिको की संख्या तीगुणा होने के बावजूद हमारी सेना ने उन्हें खदेड़ दिया। देशवासियों के लिए यह दिन गर्व के रूप में जाना जायेगा।

## हजरत चांद मखदूम शाह बाबा की मनी 32वीं सालाना उर्स, की गयी चादरपोशी



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** कुरसे स्थित हजरत चांद मखदूम शाह बाबा के मजार पर उनका 32वां सालाना उर्स मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत पूर्व पतरातू प्रखंड उपप्रमुख अनिल सिंह ने उनके मजार पर चादरपोशी कर की। साथ ही क्षेत्र की हरियाली-खुशहाली और अमन चैन की दुवाएं मांगी गई। सुबह 8 बजे से कुरानखानी शुरू हुई। जिसके बाद शाम पांच बजे तक मजार पर चादरपोशी की गई। इसके पूर्व बुधवार को खादिम इसराइल अंसारी व उनके अनुवायियों द्वारा गुसुल कराया गया। मौके पर शमशेर अंसारी, आस मोहम्मद अंसारी, गुलाम सरवर, जिरली अंसारी के अलावे विभिन्न जिला और राज्य के मो. इसलाम, रफीक खान, हाजी मंसूर खान, अनवर हुसैन, नसीम अंसारी, अलीमाम राय, कमलेश गुप्ता सहित दर्जनों लोगों ने भी मजार पर चादरपोशी कर क्षेत्र की हरियाली-खुशहाली और अमन चैन की दुवाएं मांगी।

## कुशवाहा समाज की चिकोर में बैठक

**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** पतरातू प्रखंड कुशवाहा समाज के वरिष्ठ लोगों की बैठक गुरूवार को चिकोर कुशवाहा धर्मशाला में हुई। जिसमें झारखंड कुशवाहा महासभा के विस्तार एवं संगठन को मजबूत बनाने को लेकर 17 दिसंबर शनिवार दोपहर 3 बजे से कुशवाहा धर्मशाला, चिकोर में होने वाली समाज की बैठक पर चर्चा की गई। बैठक के माध्यम से पतरातू प्रखंड के सभी कुशवाहा बंधुओं से उपस्थिति होने की अपील की गई है। कहा गया कि उक्त बैठक में जिला पदाधिकारी एवं कार्यकारिणी की उपस्थिति अनिवार्य है। मौके पर झारखंड कुशवाहा महासभा के जिला सचिव हरिनाथ महतो, टिकेश्वर महतो, योगेश दांगी, दिलीप दांगी, धर्मदेव महतो, सत्यनारायण महतो, कुलदीप मेहता, देवानंद महतो, श्याम महतो, सुनील महतो आदि मौजूद थें।

## बेहतर पठन पाठन के उद्देश्य से कार्यशाला का आयोजन



**बरकाकाना (आजाद सिपाही)।** डीएवी बरकाकाना में शिक्षकों की क्षमता संवर्द्धन के लिए झारखंड जोन डी के बारह विभिन्न डीएवी स्कूलों में पढ़ाने वाले ईईडीपी और प्राथमिक शिक्षकों के लिए दो दिवसीय क्षमता निर्माण कार्यशाला का आयोजन किया गया।कार्यशाला में विज्ञान,हिंदी और ईईडीपी विषयों पर आधारित किया गया था जिसमें कुल 156 शिक्षकगण शामिल हुए।कार्यशाला का सुभारम्भ विशेष हवन व डीएवी गान के साथ किया गया।तत्पश्चात शिक्षण और प्रशिक्षण सत्र शुरू किया गया। कार्यशाला में विभिन्न डीएवी स्कूलों के प्राचार्य जिनमें डीएवी उरीमारी से उत्तम कुमार रॉय,डीएवी बचरा से आरआर झा,डीएवी बरही के प्रधानाध्यापक ऐके सिंह अपने बेहतर मार्गदर्शन के लिए उपस्थित थे।कार्यशाला में प्राचार्या डीएवी रजरप्पा एच के झा पर्यवेक्षक के रूप में उपस्थित रहकर तीनों समूहों के शिक्षकों को अपने बहुमूल्य सुझाव दिए।

## गाड़ीलौंग पंचायत में लगी सोलर लाइट



**टंडवा (आजाद सिपाही)।** सांसद निधि से गाड़ीलौंग पंचायत के विभिन्न सार्वजनिक स्थानों पर गुरूवार को सोलर लाइट लगाया गया। शहीद चौक के पास देवी मंदिर परिसर, शहीद चौक के पास हनुमान मंदिर, गाड़ीलौंग दुर्गा मंडप के पास, कस्तूरबा चौक के पास बजरंग बली मंदिर के समीप, कमता गांव में भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के अध्यक्ष रौशन अंसारी के घर के पास साथ ही कुमडांग खुर्द मंदिर परिसर के समीप, उड़सु मंडप के पास व अन्य स्थानों पर सोलर लाइट लगाया गया। उपयुक्त स्थानों पर लाइट लगाये जाने पर ग्रामीणों ने खुशी जाहीर किया। एवम् सांसद के प्रति आभार प्रकट किया। इस मौके पर सांसद प्रतिनिधि ईश्वर दयाल पांडेय, मंडल महामंत्री सह ओबीसी मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सुनील चौरसिया,भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य गणेश साहु उर्फ ललित साहु,भाजपा टंडवा मंडल प्रवक्ता महेन्द्र यादव,मंडल कोषाध्यक्ष शिव प्रसाद गुप्ता, गाड़ीलौंग पंचायत सह संयोजक अशोक कुमार ठाकुर, मोहन प्रजापति, रंजीत जी, सिया राम पंडित व अन्य उपस्थित थे।

## खेल प्रतिस्पर्धा से खिलाड़ियों में छिपी प्रतिभाओं में निखार आता है : रौशन लाल



**बरकाकाना (आजाद सिपाही)।** पतरातु प्रखंड अंतर्गत ग्राम कोड़ी में सरना स्पोर्टिंग क्लब के द्वारा फुटबॉल टूनार्मेंट का फाइनल मैच का आयोजन किया गया।टूनार्मेंट का फाइनल मुकाबला चैनगड़ा बनाम भुरकुंडा के बीच खेला गया।टूनार्मेंट के फाइनल मुकाबला में बतौर मुख्य अतिथि आजसू बड़कागांव विधानसभा प्रभारी रोशनलाल चौधरी,विशिष्ट अतिथि नगर परिषद अध्यक्ष युगेश बेदिया,आजसू पार्टी रामगढ जिलाध्यक्ष दिलीप दांगी,ओबीसी जिलाध्यक्ष हरिरत्नम साहू ,जिला उपाध्यक्ष विंदेश बेदिया व सांकी पंचायत मुखिया कोमिला देवी उपस्थित हुए।फाइनल मैच का उद्घाटन मुख्य अतिथि व अन्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से किया।टूनार्मेंट के दौरान स्थानीय लोगों ने अतिथियों का पारंपरिक तरीके से जोरदार स्वागत किया। मुख्य अतिथि रोशनलाल चौधारी ने खिलाड़ियों का हौसला-अफजाई करते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में इस तरह के टूनार्मेंट के आयोजन से खिलाड़ियों का मनोबल ऊंचा होता है साथ ही उनके अंदर छिपी प्रतिभा का निखार होता है।श्री चौधरी ने टूनार्मेंट के आयोजन के लिए आयोजन समिति की प्रशंसा करते हुए धन्यवाद दिया। मौके पर मुख्य रूप से वार्ड सदस्य मीना देवी,लक्ष्मण मुंडा,आजसू अनूसूचित जनजाति प्रखंड सचिव जुगेश बेदिया, पंचायत अध्यक्ष घुजा बेदिया, राजकुमार करमाली, कुलदीप बेदिया, सौरभ करमाली, मनोज मुंडा, रोहित करमाली, मंशा मुंडा, अरविंद बेदिया सहित सैकड़ों ग्रामीण मौजूद रहे।

## पुलिस व वन विभाग ने 18 एकड़ में लगी पोस्ता की खेती को किया नष्ट

आजाद सिपाही संवाददाता



**चतरा।** जिले के कुंदा थाना पुलिस और वन विभाग ने गुरुवार को सिकीदाग गांव के वन क्षेत्र में अभियान चलाकर 18 एकड़ में लगी पोस्ता की खेती को नष्ट किया है.पोस्ता नष्ट करने में ट्रैक्टर लगाया गया था। अभियान का नेतृत्व थाना प्रभारी परमानंद मेहरा व प्रभारी रेंजर जगरनाथ प्रसाद ने किया। रेंजर ने बताया कि वन क्षेत्र में लगातार पोस्ता के विरुद्ध अभियान चलाया जा रहा है। कुन्दा पुलिस का सहयोग मिल रहा है क्षेत्र में लगी पोस्ता की खेती को लगातार अभियान चला कर नष्ट किया जा रहा है। किसी भी हाल में पोस्ता को पनपने नहीं दिया जाएगा। इससे पूर्व भी पुलिस व वन विभाग ने सिकीदाग गांव वन क्षेत्र में अभियान चला कर 12 एकड़ में पोस्ता की खेती को नष्ट किया गया है अभियान में वनरक्षी सुबोध कुमार सोनी अरुण कुमार एएसआई लक्ष्मण यादव व जिला बल के जवान शामिल थे।

## डीसी ने थैलेसीमिया मरीजों के लिए ब्लड डोनेशन कैंप का किया उद्घाटन




आजाद सिपाही संवाददाता

**चतरा।** भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी रक्त केंद्र चतरा में जिला के थैलेसीमिया मरीजों के लिए मेगा ब्लड डोनेशन कैंप का आयोजन किया गया। आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि उपायुक्त अबु इमरान ने फीता काट उद्घाटन किया। उपायुक्त ने कार्य की सराहना करते हुए कहा कि रक्त मरीजों के लिए औषधि के रूप में उपयोग किया जाता है। अतः स्वैच्छिक रक्तदान के माध्यम से ही मरीजों को सुरक्षित रक्त उपलब्ध होता है। साथ ही उपायुक्त ने कहा कि रक्त का एकमात्र स्रोत मानव शरीर है इसलिए अधिक से अधिक संख्या में रक्तदाताओं स्वैच्छिक रक्तदान करें। उपायुक्त ने रेडक्रॉस रक्त केंद्र में आदरणीय राष्ट्रपति भवन के निर्देश पर राष्ट्रीय मुख्यालय नई दिल्ली द्वारा प्राप्त उच्च स्तरीय तकनीकी मशीनों का निरीक्षण किया और रेडक्रॉस के कर्मियों और स्वयंसेवकों का उत्साह वर्धन किया। रक्त आधान सेवाओं को सुदृढ़ बनाने एवं नियमित रक्त आधान पर निर्भर मरीजों की गुणवत्ता जीवन हेतु संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उक्त मौके पर जिला परिषद उपाध्यक्ष बृजकिशोर तिवारी, अनुमंडल पदाधिकारी मुमताज अंसारी, रेडक्रॉस सोसायटी के सचिव राजकुमार अग्रवाल समेत कर्मी उपस्थित थे।

## सीसीएल कुजू क्षेत्रीय कल्याण समिति की बैठक संपन्न

आजाद सिपाही संवाददाता

**कुजू।** सीसीएल कुजू क्षेत्रीय कल्याण समिति की बैठक सीसीएल जीएम कार्यालय सभागार में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता जीएम चंद्रशेखर तिवारी ने की। बैठक में प्रबंधकीय अधिकारियों व श्रमिक प्रतिनिधियों ने क्षेत्र की परियोजनाओं की समस्याओं पर चर्चा की। श्रमिक प्रतिनिधियों ने आरा कालोनी में कायाकल्प योजना के तहत कई क्वार्टर के अधूरे पड़े मरम्मती कार्यो को पूरा कराने, तोपा पीट कार्यालय में महिला व पुरूष के लिए शौचालय निर्माण, करमा में बाइक शेड निर्माण, करमा कालोनी में पेयजलापूर्ति के लिए बोरिंग, कर्मियों व मजदूरों की प्रोन्नति, श्रमिक मध्य विद्यालय, तोपा के जर्जर भवन की मरम्मती, श्री सेंटर क्वायरी में लगी आग की वजह से आवागमन में परेशानी आदि मुद्दों पर चर्चा की गई। इस दौरान कई समस्याओं के समाधान को ले बैठक की अध्यक्षता कर रहे जीएम चंद्रशेखर तिवारी ने सहमति दी। बैठक में एसओपी एमएफ हक, एसओ ईएंडएम परशुराम सिंह, एएफएम विधानचंद्र सिंह सुधांशु, पीओ ओपी सिंह, उप कार्मिक प्रबंधक प्रताप रंजन, एसओ पीएंडपी पीसी साहू, एएमओ डा. एएन मिंज, श्रमिक प्रतिनिधि मो.अल्लाउद्दीन, देवेंद्र शर्मा, जयनंदन महतो, नंदकिशोर प्रसाद, मो.इसराइल, सहदेव मांझी शामिल रहे।

## सेमीफाइनल में पहुंचने वाली चौथी टीम बनी राहुल इलेवन सौंढ़

आजाद सिपाही संवाददाता

**चितरपुर ।** चितरपुर स्थित टीचर ट्रेनिंग कॉलेज मैदान में चल रहे रिझुनाथ चौधरी मेमोरियल चितरपुर प्रीमियर लीग क्रिकेट प्रतियोगिता के चौथे क्वार्टरफाइनल मुकाबले में राहुल इलेवन सौंढ़ की टीम ने बेहतर खेल का प्रदर्शन करते हुए इस्लाम नगर चितरपुर की टीम को हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए चितरपुर की टीम निर्धारित 12 ओवर में 80 रन बनाकर आल आउट हो गयी। जवाबी पारी खेलते हुए राहुल इलेवन सौंढ़ की टीम 6.3 ओवर में दो विकेट खोकर निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त कर लिया। बेहतर खेल के लिए विजेता टीम के मंजय को मुख्य अतिथि द्वारा मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया। इससे पूर्व। चौथे क्वार्टरफाइनल मुकाबले का उदघाटन मुख्य रूप से मौजूद आजसू अल्पसंख्यक महासभा के प्रखंड मीडिया प्रभारी साजिद असद द्वारा खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया गया। मौके पर आजसू अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला मीडिया प्रभारी तनवीर आलम, चितरपुर प्रखंड अध्यक्ष समशूल हक, मो काजिम सहित कई मौजूद थे।

## अवैध शराब के विरूद्ध चला छापामारी अभियान

**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** जिले में अवैध शराब पर पूर्ण रूप से रोक लगाने के उद्देश्य से डीसी माधवी मिश्रा के निर्देश पर सहायक आयुक्त उत्पाद अजय कुमार गोंड द्वारा टीम गठित कर नियमित रूप से जिले के विभिन्न क्षेत्रो में अवैध शराब के विरुद्ध सघन छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में गुरुवार की सुबह सहायक अवर निरीक्षक मंजूर आलम द्वारा गोला थाना अंतर्गत कामता क्षेत्र में उत्पाद छापेमारी की गई। छापेमारी के दौरान लगभग 900 किलोग्राम जावा महुआ जब्त कर नष्ट किया गया। वही, 40 लीटर अवैध जुलाई शराब स्थल से जब्त किया गया। छापामारी के बाद अवैध शराब कारोबारियों में खलबली मच गई। हालांकि छापामारी के दौरान किसी की भी गिरफ्तारी नहीं हुई।

## जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरण

**कुजू (आजाद सिपाही)।** आजसू पार्टी के रामगढ़ जिला मीडिया प्रभारी जयकिशोर महतो के टूटीझरना रोड़ भरेचनगर स्थित आवास पर बढ़ती ठंड को देखते हुए नगर परिषद क्षेत्र अंतर्गत वार्ड नंबर दो में गरीब - असहाय वृद्धों के बीच कंबल वितरण किया गया। आयोजित कंबल वितरण कार्यक्रम में मुख्य रूप से नगर परिषद अध्यक्ष युगेश बेदिया व उपाध्यक्ष मनोज महतो, जिला मीडिया प्रभारी जय किशोर महतो द्वारा डेढ़ सौ से अधिक गरीब - असहाय वृद्धजनों को कम्बल वितरित की गयी। इस दौरान मौजूद युगेश बेदिया और मनोज महतो ने कहा कि बढ़ती ठंड को देखते हुए जिला प्रशासन द्वारा मिले कंबल को जरूरतमंद लोगों के बीच वितरित की जा रही है।

**पूर्व तट रेलवे**

निविदा सूचना सं. 16-SBP-TRD-OT-2022-23, दिनांक - 13.12.2022

**कार्य का नाम :** सम्बलपुर मण्डल के गोड़भगा ट्रैक्शन सबस्टेशन (TSS) एवं देवगांव रोड ट्रैक्शन सबस्टेशन (TSS) (विद्युत ट्रांसफॉर्मर, CBs एवं MBs की आपूर्ति को छोड़कर) में द्वितीय bay इक्विपमेन्ट के प्रावधान द्वारा ट्रैक्शन वितरण प्रणाली की वृद्धि।

**अनुमानित लागत (रुपये में):** 1,92,14,316.96, EMD (रुपये में) : 2,46,100/-, पूरा होने की अवधि : 08 महीने।

**निविदा बंद होने की तिथि व समय :** 04.01.2023 को 1530 बजे।

ऐसी ई-निविदा के तहत डाक / कूरियर / फैक्स या व्यक्तिगत रूप से भेजा गया कोई भी मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया जायेगा, भले ही यह फर्म (Firm) के लेटर हेड एवं नियत समय पर प्राप्त किया गया हो। ऐसे सभी मैनुअल प्रस्ताव को अवैध माना जायेगा तथा उसके बारे में किसी विचार के बिना तत्काल निरस्त कर दिया जायेगा। उपरोक्त ई-निविदा के ई-निविदा दस्तावेज सहित संपूर्ण जानकारी वेबसाइट : http://www.ireps.gov.in पर उपलब्ध होंगे।

दृष्टव्य : प्रत्याशित निविदाकारों को यह सलाह दी जाती है कि इस ई-निविदा के लिए जारी कोई भी परिवर्तन / शुद्धिपत्र की ओर ध्यान देने के लिए वे निविदा बंद होने की कम से कम 15 (पंद्रह) दिन पहले वेबसाइट का पुन: अवलोकन करें।

वरिष्ठ मण्डल विद्युत अभियन्ता (TRD), सम्बलपुर

PR-809/N/22-23

## थाना में सात दिनी यज्ञ संपन्न



**टंडवा (आजाद सिपाही)।** थाना परिसर में सात दिनों तक शिव मंदिर में धार्मिक अनुष्ठान यज्ञ गुरुवार को संपन्न हो गया। आचार्य दीनानाथ शरण त्रिपाठी ने महामृत्युंजय मंत्र की याहुति देकर यज्ञ को विसर्जन कराया गया।इस यज्ञ में टंडवा इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी विजय कुमार सिंह सपरिवार एव थाना के अवर निरीक्षक भोला कु दास, अभिनव आनंद,बिनोद तिवारी समेत थाना के जवान भाग लिया।थाना प्रभारी विजय कू सिंह ने क्षेत्र की सुख शांति समृद्धि एवं जीवन में खुशहाली हो इसकी कामना भगवान से किया गया।

## पटेल सेवा संघ ने लौह पुरुष की मनायी पुण्यतिथि, सांसद चंद्रप्रकाश के प्रति जताया आभार

आजाद सिपाही संवाददाता



**रामगढ़।** पटेल सेवा संघ रामगढ़ के तत्वधान में गुरुवार को संघ के धर्मशाला परिसर में राष्ट्रीय एकता एवं अखंडता के महान प्रतिपालक लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल जी की पुण्यतिथि मनाई गई। इस दौरान पटेल सेवा संघ के पदाधिकारियों ने लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल के चित्र पर पुष्प अर्पित कर एवं माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित की गई। मौके पर सभी पदाधिकारियों ने शपथ लिया की लौह पुरुष के सिद्धांतों को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य किया जाएगा, ताकि उनके सपने साकार हो सके और उनके सपने को हम सभी साकार कर सकें।

### संघ के पदाधिकारियों ने चंद्रप्रकाश चौधरी के प्रति जताया आभार

कार्यक्रम के दौरान संघ के पदाधिकारियों ने गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी को धन्यवाद देते हुए कहा कि सांसद के अथक प्रयास से लगातार सात दिन आंदोलन करने के बाद कांकेबार स्थित पटेल चौक में सरदार बल्लभ भाई पटेल जी की प्रतिमा को पुनः स्थापित की गई है। यह हम सभी के लिए गौरव की बात है। जहां एक और देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा सबसे ऊंची प्रतिमा लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की स्थापित कर जो उन्हें सम्मान देने का काम किया है वह भारत देश के लिए गौरव की बात है।

### ये थे उपस्थित

इस अवसर पर संघ के मुख्य संरक्षक राज गोविंद प्रसाद, अध्यक्ष मनोज मंडल, सचिव नीरज मंडल, कोषाध्यक्ष अशोक महतो, जेपी सिंह, ज्ञान रावत, संजीव रावत, रवि कुमार, संजय सिन्हा, अनिल मंडल आदि उपस्थित थे।

**कार्यालय, असैनिक शल्य चिकित्सक -सह- मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, गुमला**

**Walk in Interview**

अभियान निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, नामकुम, झारखंड, रांची के पत्रांक 1089 (MD), दिनांक 25.06.2020 के आलोक में हेल्थ एण्ड वेलनेंस सेंटर में योग कराने हेतु योग प्रशिक्षक की आवश्यकता है।

Walk in Interview की तिथि - 21.12.2022
समय - पूर्वाह्न 11.00 बजे।
स्थान - सिविल सर्जन कार्यालय, गुमला।

**योग प्रशिक्षक की सेवा प्राप्त करने हेतु आवश्यक शर्तें**

| क्र. सं. | विवरणी | आवश्यक शर्तें |
|---|---|---|
| 1 | योग प्रशिक्षक की योग्यता | किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से योग के विषय पर डिग्री/डिप्लोमा/सर्टिफिकेट कोर्स का होना या योगा सर्टिफिकेशन योग प्रशिक्षक होना अनिवार्य है। |
| 2 | पारिश्रमिक एवं अन्य शर्तें | ➢ योग प्रशिक्षक को प्रत्येक सेशन के लिए रू0 250/- पारिश्रमिक (Honorarium) दिया जायेगा। ➢ प्रत्येक सत्र (Session) दो घंटे का होगा। ➢ योग सेशन आयुष मंत्रालय, भारत सरकार के दिए गए मार्ग-दर्शिका के अनुरूप होगा। |

आवेदक अपना बायोडाटा, सभी आवश्यक दस्तावेज एवं एक पासपोर्ट साईज फोटो लेते आए।

ह./- असैनिक शल्य चिकित्सक -सह- मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, गुमला

ज्ञापांक : 3461/ गुमला, दिनांक : 15/12/2022

## होल्डिंग टैक्स वसूली में धांधली बंद हो : संदीप भगत

**लोहरदगा।** सामाजिक विचार मंच के संयोजक संदीप भगत ने नगर परिषद प्रशासन से मांग की है कि शहरी क्षेत्र में होल्डिंग टैक्स वसूली के नाम पर धांधली की जा रही है उसे अविलंब रोका जाए, जिन व्यक्तियों का होल्डिंग टैक्स पिछले वर्ष तक का दिया हुआ है, जब वे चालू वित्तीय वर्ष का होल्डिंग टैक्स देने जा रहे हैं तो उनको कहा जाता है कि पिछले 4 साल 5 साल का आपका तीस हजार, चालीस हजार रूपया बकाया है, उसे जमा करें। इस पर सामाजिक विचार मंच नगर परिषद प्रशासन से मांग करती है कि जब पिछले वित्तीय वर्ष का रसीद उपभोक्ता के पास है तो फिर घर बैठे हुए किसी कंपनी या किसी व्यक्ति के द्वारा पूर्व में 4 साल या 5 साल का बकाया बताते हुए कि आपका एरिया कम नापा गया था तो पिछले 4-5 साल से जो टैक्स लिया जा रहा था और जिसने भी उस वक्त नापी किया था वह दोषीवार है। दूसरी ओर किसी गली मोहल्ले में गाड़ी पार्क करने के लिए शटर लगा दिया गया है तो उसको कहा जाता है कि आपका सटर लगा हुआ व्यवसायिक टैक्स दे जबकि वहां कोई व्यवसाय हो ही नहीं रहा है और कहीं ना कहीं टैक्स वसूली में धांधली भी की जा रही है, धमकी दी जा रही हैं। इसलिए प्रशासन इस ओर ध्यान दें कि घर बैठे हुए अपने से 5 साल पूर्व का बकाया बना कर ठोक देना उपभोक्ताओं पर यह कहां तक सही है।

### सुंदरी देवी सरस्वती शिशु मंदिर में खिलाड़ियों का सम्मान समारोह आयोजित

# मैट्रिक तक की पढ़ाई का खर्च उठायेगी विद्या मंदिर स्कूल : शशिधर अग्रवाल

**चार गोल्ड मेडल जीतने वाले कमलेश उरांव को विद्या मंदिर ने लिया गोद**



आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** विद्या विकास समिति झारखंड द्वारा आयोजित 33 में प्रांतीय खेलकूद शिशु वर्ग ऑल ओवर चैंपियनशिप का खिताब जिताने में अहम भूमिका निर्वहन करने वाले खिलाड़ियों का सम्मान समारोह सुंदरी देवी सरस्वती शिशु मंदिर लोहरदगा में आयोजित हुआ। विद्यालय प्रबंध कारिणी समिति के अध्यक्ष शशिधर लाल अग्रवाल, सचिव अजय प्रसाद अग्रवाल, उपाध्यक्ष विनोद राय, कोषाध्यक्ष अनिल कुमार अग्रवाल, शोभा देवी, शिव शंकर, मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर महाविद्यालय के प्राचार्य उत्तम कुमार मुखर्जी, शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर के प्रधानाचार्य विपिन कुमार दास, सुंदर देवी सरस्वती शिशु मंदिर लोहरदगा के प्रधानाचार्य सुरेश चंद्र पांडे ने संयुक्त रूप से मां भारती ओम एवं भारत माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित एवं पुष्पार्चन वंदना के पश्चात शुभारंभ किया। मौके पर विद्यालय प्रबंध कारिणी समिति के अध्यक्ष शशिधर लाल अग्रवाल के द्वारा भैया बहनों को मेडल एवं उपहार देकर सम्मानित किया गया। सर्वश्रेष्ठ एथलीट का पुरस्कार प्राप्त करने वाले भैया कमलेश उरांव को विद्यालय प्रबंध कारिणी समिति के अध्यक्ष एवं विद्या मंदिर के प्रधानाचार्य द्वारा गोद लिया गया और उसके आगे की पढ़ाई एवं उसे खेलकूद में वह आगे निकले उसके लिए समस्त व्यवस्थाएं देने की घोषणा की गयी। इस खेलकूद प्रतियोगिता में 503 भैया बहन छात्र-छात्राएं तथा पूरे प्रांत से 41 विद्यालयों के भैया बहन सम्मिलित हुए थे। जिसमें हमारे भैया बहनों को 23 स्वर्ण पदक तथा 12 रजत पदक प्राप्त हुआ। इस प्रकार से विद्यालय ने ऑल ओवर चैंपियनशिप का खिताब प्राप्त किया। रिले रेस सामूहिक दौड़ में पूरे प्रांत में प्रथम स्थान तथा भैया और बहनों का वर्ग दोनों प्रथम रहा लंबी कूद ऊंची कूद गोला फेंक में क्रमशः प्रथम द्वितीय एवं प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर विद्यालय के आचार्य नंद किशोर साहू, प्रमोद कुमार साहू, गणेश साहू, अशोक साहू, अशोक सिंह, जगदीश पांडे, त्रिलोचन साहू, सुनीता कुमारी, सरिता जायसवाल, लक्ष्मी देवी, मीनाक्षी दिव्या एवं विद्यालय के सभी कर्मचारी उपस्थित थे। मंच का संचालन अशोक कुमार सिंह तथा धन्यवाद ज्ञापन गणेश साहू द्वारा किया गया।

## बालूमाथ में मोदी के नाम पर चाय की दुकान, मुखिया ने किया उद्घाटन



**बालूमाथ।** भारत के प्रधानमंत्री के शुरूआती दिनों में चाय बेचने की बात से प्रभावित होकर बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय में उनके नाम पर एक चाय की दुकान शुरू हुई है। जो गुरूवार को पुराने स्थान से हस्तांतरित हो कर मुरपा मोड़ चौक के समिप एक फर्निचर दुकान के बगल चला गया है। जिसका बालूमाथ मुखिया नरेश लोहरा ने अपने सहयोगियो के साथ विधिवत वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ फीता काट कर उदघाटन किया। बालूमाथ में रोड पर खोली गयी नमो नमो चाय की दुकान पर हर जगह नरेंद्र मोदी की तस्वीरें हैं। यह दुकान बालूमाथ प्रखंड निवासी प्रमेश्वर साव उर्फ भुटाली के द्वारा खोली गयी है, यह लातेहार विधान सभा क्षेत्र और चतरा लोकसभा क्षेत्र के लिए बेहद खुशी की बात है कि मोदी जी के नाम पर दुकान का नाम रखकर उनके प्रति अपना सम्मान जताये जा रहे है। मौके पर बालेश्वर साव, आनंदी प्रसाद गुप्ता, रामदेव साव, जय राम, विरेंन्द्र गूप्ता, ज्ञानी पांडेय, शिव साहु, शुकुल बैठा, पत्रकार संतोष सिन्हा, प्रमेश पांडेय, पंकज सिन्हा, रामदर्शन तिवारी, सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे।

## डीसी ने पुस्तकालय का निरीक्षण किया



**लोहरदगा।** डीसी ने गुरूवार को सेन्हा प्रखंड का भ्रमण किया। इस दौरान डीसी द्वारा प्रखंड कार्यालय परिसर में बन रहे पुस्तकालय का निरीक्षण किया और अगले तीन दिनों के अंदर कार्य पूर्ण करने का निदेश दिया गया। डीसी द्वारा उगरा पंचायत के टेंगरिया में लघु सिंचाई प्रमंडल, लोहरदगा द्वारा निर्मित चेकडैम का निरीक्षण किया गया और आवश्यक निदेश अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, लोहरदगा को दिये गये। मौके पर अनुमण्डल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल, बीडीओ, अंचल अधिकारी विजय कुमार, लघु सिंचाई प्रमंडल अभियंता रामकुमार बेदिया समेत अन्य उपस्थित थे।

## शोकाकुल परिवारों से मुलाकात की संवेदना प्रकट की



**कैरो।** भंडरा प्रखंड के चट्टी बडागाई मोड़ के पास 3 दिन पूर्व मोटरसाइकिल दुर्घटना में चरिमा गांव के 16 वर्षीय नाजिम अंसारी का मृत्यु हो गया था। आज बुधवार को लोहरदगा जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व कार्यकारी जिलाध्यक्ष आलोक कुमार साहू अपने सहयोगियों के साथ कैरो प्रखंड के चरिमा गांव पहुंचकर लड़के के पिता नामुल अंसारी, चाचा नाजूल अंसारी एवं अन्य परिवारों से मुलाकात कर अपनी ओर से गहरी संवेदना प्रकट करते हुए कहा कि इस दुख की घड़ी में कांग्रेस शोकाकुल परिवार के साथ है। मौके पर से ही आलोक साहू ने आपदा विभाग के पदाधिकारी विभूति जी से वार्ता कर एक लाख मुआवजा शीघ्र देने की बात कहे। श्री साहू ने शोकाकुल परिवारों को बताया कि आपदा विभाग के अलावा हिट एंड रन योजना के तहत झारखंड सरकार के परिवहन विभाग के द्वारा ₹2 लाख देने का प्रावधान है। श्री साहू ने मौके पर से ही भंडरा प्रखंड के अंचलाधिकारी से वार्ता कर शीघ्र आपदा एवं परिवहन विभाग में रिपोर्ट जमा करने का आग्रह किए ताकि समय से शोकाकुल परिवारों को मुआवजा मिल सके। मौके पर शोक व्यक्त करने वालों में ताहिर अंसारी, विजय उरांव, रुस्तम अंसारी, वसीम अंसारी, छेदी अंसारी, सिराजूल अंसारी, अमानत अंसारी, इरशाद अंसारी इत्यादि थे।

## चोरी की बुलेट बाइक के साथ एक युवक गिरफ्तार



**लोहरदगा।** पिछले दिनों रेलवे साईडिंग अमृत पैलेश के पास से चोरी गये बुलेट मोटरसाइकिल को पुलिस ने महज तीन दिनों के भीतर ही बरामद करते हुए इसमें शामिल बुलेट चोर को गिरफ्तार किया है। पुलिस गिरफ्त में आये चोर की पहचान जाहिर अंसारी, पिता स्व. बसीर अंसारी, पता-गौस नगर कुटमू थाना एवं जिला लोहरदगा के रूप में किया गया है। पुलिस ने उसके घर से चोरी गए बुलेट बाइक को बरामद किया है। इस संदर्भ में सदर थाना परिसर में थाना प्रभारी मंटू कुमार ने पत्रकारों को बताया कि दिनांक- 10.12.2022 को रात्रि में लोहरदगा थाना अन्तर्गत ग्राम रेलवे साईडिंग अमृत पैलेश के पास से अभिषेक गुप्ता, पिता-रमेश गुप्ता पता-छत्तरबगीचा का बुलेट मोटरसाईकिल नं.-जेएच 01 ईबी -0450 को अज्ञात चोरो ने चोरी कर लिया था। इस मामले में लोहरदगा थाना कांड सं.-294 / 22, दिनांक-11.12.2022 धारा-379 भादवि के तहत काण्ड दर्ज किया गया था। पुलिस गिरफ्तार किये गये चोर का अपराधिक इतिहास की जांच कर रही है। छापामारी दल में पुनि सह थाना प्रभारी, लोहरदगा मंटु कुमार, पुअनि कुलदीप कुमार राम, पुअनि पंकज कुमार शर्मा, सअनि टीनू साव व लोहरदगा थाना के सशस्त्र बल शामिल थे।

## देश की सांस्कृतिक विरासत के विकास में सहभागी बनें : सीआरपीएफ कमांडेंट



**लोहरदगा।** जनजातीय समाज के 20 छात्र-छात्राओं को सांस्कृतिक आदान-प्रदान के लिए सीआरपीएफ 158 बटालियन लोहरदगा द्वारा भोपाल (मध्य प्रदेश) भेजा गया। नेहरू युवा केन्द्र लोहरदगा ने 14वें जनजातीय युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम के लिए इन छात्र-छात्राओं का चयन किया है। सीआरपीएफ एक पुरुष स्कॉट व एक महिला स्कॉट सहित कुल 22 प्रतिभागियों को मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल के लिए सीआरपीएफ 158 बटालियन लोहरदगा मुख्यालय से रवाना किया गया। इस मौके पर, सीआरपीएफ 158 बटालियन कमांडेंट राहुल कुमार ने कहा कि आदिवासी युवाओं को उनके समृद्ध परंपरा और सांस्कृतिक विरासत के प्रति जागरूकता और अन्य राज्यों की परम्परा को समझने का अवसर प्राप्त होगा। देश के विभिन्न राज्यों-शहरों में हुई तकनीकी और औद्योगिक उन्नति से रूबरू हों इस अनुभव का लाभ उठाकर अपने नक्सल प्रभावित गांव- जिले के विकास में योगदान करें। इस मौके पर संतोश कुमार पाल, द्वितीय कमान अधिकारी, मनोज कुमार उप. कमा. -158 बटालियन के रि.पु.बल तथा नेहरू युवा केन्द्र, लोहरदगा के रामाशीष चौधरी, लेखा एवं कार्यक्रम सहायक, शशि कुमार और सीआरपीएफ बल समेत अन्य कार्मिक मौजूद थे।

## आदिम जनजाति लोगों को प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना का लाभ नहीं मिल रहा है



**मनिका(लातेहार)।** मनिका प्रखंड के कोपे के परहिया टोला में आदिम जनजाति के लोगों को लॉकडाउन के समय से प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत मिलने वाली राशन नहीं दिया गया है। परैया टोला गांव में दर्जनों आदिम जनजाति के लोग निवास करते हैं। जहां पर आदिम जनजाति के लोगों को (पीटीजी) के तहत घर-घर राशन उपलब्ध कराना है। लेकिन ऐसा बिल्कुल भी नहीं किया जा रहा है गरीबों के साथ खिलवाड़ करते हुए कुछ अधिकारी प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत मिलने वाले फ्री राशन भी गबन कीया जा रहे हैं। इस गांव में सभी आदिम जनजाति के लोगों का पीला राशन कार्ड है और इन्हें कार्ड के अनुसार 35 किलो राशन दी जाती है जबकि प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत लॉकडाउन के समय से मिलने वाली 35 किलो फ्री राशन कुछ अधिकारियों की मिलीभगत से गबन कर लिया गया है। आदिम जनजाति के लोगों ने जिला प्रशासन व झारखंड सरकार से पूरे मामले की जांच पड़ताल कर मामले से संबंधित अधिकारियों पर कार्रवाई करने की मांग किया है। और सही से राशन का वितरण एवं पानी की सुविधा गांव में उपलब्ध करवाने की गुहार लगायी है।

# चंद्रवंशी समाज ने अटार्नी जनरल वेंकटरमणी का पुतला दहन कर विरोध प्रदर्शन किया



आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** अखिल भारतवर्षीय चंद्रवंशी क्षत्रिय महासभा युवा समिति के नेतृत्व मे स्थानीय पावरगंज चौक लोहरदगा मे अटार्नी जनरल वेंकटरमणी का पुतला दहन कर, विरोध प्रदर्शन किया गया। जिसमे भारी संख्या में चंद्रवंशी समाज के लोग शामिल हुए। कार्यक्रम में उपस्थित युवा प्रदेश अध्यक्ष निश्चय वर्मा ने कहा की अटार्नी जनरल वेंकटरमणी के अमर्यादित टिप्पणी जिसमे काले धन और जाली नोटो की तुलना महाराज जरासंध से की गयी थी जिससे देश भर के करोड़ो चंद्रवंशीयो की भावना आहत हुई है जिस कारण पूरे समाज मे अटार्नी जनरल के खिलाफ आक्रोश है। श्री वर्मा ने कहा की जब भी कोई चंद्रवंशी समाज के खिलाफ कदम उठायेगा तो उसका करारा जवाब हम सभी चंद्रवंशी देंगे, इसलिए जब तक अटार्नी जनरल के खिलाफ उचित कदम केंद्र सरकार नहीं उठाती है तब तक हमारा आंदोलन जारी रहेगा। अभी तो ये सुरुवात है, जरूरत पड़ी तो हम सभी आमरण अनसन पर बैठेंगे। प्रदेश युवा सचिव रितेश कुमार वर्मा ने कहा कि महाराज जरासंध जैसे महान योध्दा के लिए ऐसा टिप्पणी करना पूरे समाज को अपमानित करता है जो कि बर्दास्त नहीं किया जायेगा, इसका पुरजोर विरोध पूरे प्रदेश में करेंगे। मौके पर राष्ट्रीय सचिव किशोर वर्मा, प्रदेश युवा सचिव रितेश कुमार वर्मा, प्रदेश युवा उपाध्यक्ष शुभम वर्मा, विकाश वर्मा, दिलीप वर्मा, रिंकू वर्मा, राजेंद्र वर्मा (रंजु), श्याम वर्मा, गुंजन वर्मा, रामु वर्मा, मनोज वर्मा, अवधेश वर्मा, नितेश वर्मा, सलोनी देवी, मीना देवी, माया देवी, मंजु वर्मा, अनिता वर्मा, मीरा देवी, लीला देवी, मंजु देवी, माया देवी, सरिता देवी, राजू वर्मा, अभय वर्मा, कमलेश वर्मा, महेश वर्मा, कमल किशोर वर्मा, दीपक वर्मा, रवि कुमार वर्मा, विक्की वर्मा, दीपक वर्मा, राकेश वर्मा राज चंद्रवंशी, गोलू वर्मा, प्रशांत वर्मा, रौशन बर्मा आदि लोग उपस्थित थे।

## धान खरीद केंद्र का विधायक प्रतिनिधि ने किया उद्घाटन

**लोहरदगा।** जिला में धान अधिप्राप्ति के लिए निंगनी लैम्पस में धान खरीद केंद्र के उद्घाटन विधायक सह खाद्य आपूर्ति मंत्री के प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर निशिथ जयसवाल ने कहा कि कैंपस के खुल जाने से किसानों में खुशी का माहौल है। धान अधिप्राप्ति होने से किसानों की धान का निर्धारित मूल्य मिलेगा एवं मुनाफा होगा लैंप्स के खुल जाने से अब किसानों को अपना उत्पादित धान बेचने में सहूलियत होगी। जिससे किसानों को काफी लाभ मिलेगी किसान अपनी फसल का सही मूल्य प्राप्त कर सकते हैं। साथ ही कहा कि किसान अपनी धान लैम्प्स केंद्र में रजिस्ट्रेशन करा के लैंप्स में ही दे और लाभ ले। अब किसान बिजोलिया मुक्त धान अधिप्राप्ति केंद्र पर ध्यान देंगे अपनी मेहनत का सही दाम लेंगे। धान की खरीदारी के साथ किसानों की धान की 50 फीसदी राशी तुरंत भुगतान कि जायेगी। एवं किसान समान्य श्रेणी की धान 2050/ रुपए प्रति क्विंटल एवं ऐ ग्रेड श्रेणी के धान 2070/ रुपये प्रति क्विंटल बेच सकेंगे।

## एसडीएम ने किया बीएसओ के साथ बैठक



**बालूमाथ।** प्रखंड कार्यालय सभागार में लातेहार एसडीएम शेखर कुमार जिला निवार्ची पदाधिकारी की अध्यक्षता में मतदाता सूची का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम - 2022 को लेकर बैठक हुई। बैठक में बालूमाथ प्रखंड के सभी बीएलओ शामिल हुए। बैठक में जिला निवार्ची पदाधिकारी ने सभी बीएलओ को 26 नवंबर2022 तक मतदाता सूची का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत इलक्टरल वेरिफिकेशन किए जाने की जानकारी दी। मतदाता सूची में नाम जोड़ने का कार्य, सुद्धि करण और मृत मतदाता का नाम हटाने का कार्य किया जायेगा। 5 जनवरी 2023 को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया जायेगा। उन्होंने बताया कि उक्त कार्यक्रम के अनुसार बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर इलेक्टोरल वेरिफिकेशन कार्य किया जायेगा। जिला निवार्ची पदाधिकारी ने बालूमाथ बीडीओ और सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से अपील किया कि वे लोगों को जागरूक करने में अपना बहुमूल्य योगदान दें। बालूमाथ बीडीओ सब निवार्ची पदाधिकारी सुश्री राजश्री ललिता बाखला और अन्य संबंधित पदाधिकारी मौजूद थे।

## धान अधिप्राप्ति केंद्र से किसानों को फायदा होगा : अनित देवी

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड अंतर्गत बालू पंचायत पैक्स में धान अधिप्राप्ति केंद्र का उद्घाटन किया गया। धान अधिप्राप्ति केंद्र का उद्घाटन जिला परिषद उपाध्यक्षा अनिता देवी, अपर समाहर्ता लातेहार, जिला आपूर्ति पदाधिकारी लातेहार, तथा सीओ अफताब आलम बालूमाथ ने संयुक्त रूप से फीता काट कर किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला परिषद उपाध्यक्षा अनिता देवी ने कहा कि धान अधिप्राप्ति केंद्र से किसानों को फायदा होगा। अपर समाहर्ता लातेहार, जिला आपूर्ति पदाधिकारी लातेहार तथा सीओ अफताब आलम ने उपस्थित किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार का धान अधिप्राप्ति केंद्र खोलने का मकसद किसानों को बिचौलियों से मुक्ति दिलाना है। किसान अपने धान सरकार की ओर से निर्धारित समर्थन मूल्य 2050 रुपए प्रति क्विंटल के दर से बेच सकते हैं। इससे जहां किसानों को फायदा होगा, वहीं बिचौलियों से किसान को मुक्ति मिलेगी। उन्हें धान बेचने में किसी प्रकार की कोई तकलीफ नहीं होगी और पैक्स का कार्यालय निर्धारित समयानुसार खुले रहेगा।

# जालिम खुर्द लैंप्स में फीता काट कर उपायुक्त ने किया उद्घाटन



आजाद सिपाही संवाददाता

**लातेहार।** लातेहार प्रखंड अंतर्गत जालिम खुर्द पंचायत स्थित जालिम खुर्द लैंप्स में खरीफ विपणन वित्तीय वर्ष 2022-23 के तहत धान अधिप्राप्ति को लेकर क्रय केंद्र का शुभारंभ किया गया। क्रय केंद्र का उद्घाटन उपायुक्त, बीडीओ, जिला सहकारिता पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, मुखिया एवं पैक्स अध्यक्ष द्वारा संयुक्त रूप से फीता काट कर किया गया। इस मौके पर वर्ष 2022-2023 के लिए सरकार द्वारा निर्धारित साधारण धान के न्यूनतम समर्थन मूल्य ₹2040 प्रति क्विंटल एवं ग्रेड ए धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य ₹2060 प्रति क्विंटल की दर पर किसानों से धान क्रय करने का काम प्रारंभ किया गया। इस दौरान उपायुक्त द्वारा सभी को संबोधित करते हुए किसानों से पैक्स के माध्यम से ही धान की बिक्री करने की अपील की गयी। उन्होंने कहा कि सरकार का हमेशा प्रयास रहा है कि किसानों को उनके फसलों का उचित समर्थन मूल्य मिले। सरकार द्वारा निर्धारित उचित समर्थन मूल्य पर पैक्स द्वारा किसानों से धान खरीद की जायेगी। इस दौरान उन्होंने छोटे किसानों को भी पैक्स के धान अधिप्राप्ति केंद्र में ही धान की बिक्री करने की बात कही। उन्होंनें कहा कि इसके लिए पैक्स के सदस्य को गांव-गांव जाकर किसानों को धान खरीद की जानकारी देने की आवश्यकता है, ताकि किसानों को सरकारी क्रय केन्द्र वाले पैक्स से समुचित लाभ मिल सके। सभी किसान पैक्स के धान अधिप्राप्ति केंद्र में ही धान की बिक्री करें।लैंपस के द्वारा खरीदे गये अनाज का मूल्य किसानों के बैंक खाते में सीधे हस्तांतरित किया जायेगा।

## पंचायत सचिवालय में प्रशिक्षण शिविर का आयोजन




**बरवाडीह।** बरवाडीह प्रखंड मुख्यालय के मंगरा पंचायत सचिवालय में भारतीय लोक कल्याण संस्थान बरवाडीह के द्वारा झारखंड जल छाजन योजना के तहत समूह निर्माण प्रक्रिया का प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मंगरा मुखिया विपिन बिहारी सिंह ने की शिरकत। प्रशिक्षण शिविर का दीप प्रज्वलित कर किया गया शुभारंभ। बताते चलें कि महिला स्वयं सहायता समूह को स्वावलंबी बनाने को लेकर प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया है। पोषण वाटिका के महत्व पर भी प्रकाश डाला, जिससे महिलाएं अपने खेत में विभिन्न तरह की सब्जियां उगाकर आजीविका चला सकें समेत अन्य बिंदु पर विस्तृत रूप से प्रशिक्षित करने का कार्य किया गया। इस दौरान पंचायत समिति सदस्य सुनीता देवी डब्ल्यूडीटीअनिल प्रसाद अजीत यादव कृषि प्रशासनिक कोष के अध्यक्ष बाबू चंद्र सिंह, गौतम पटेल सचिव पूजा कुमारी और काफी संख्या में स्थानीय ग्रामीण शामिल हुए।

## छात्र-छात्राओं के बीच पोशाक का वितरण



**बारियातु।** प्रखंड के टोंटी पंचायत अंतर्गत राजकीय उत्क्रमित उच्च विद्यालय टोंटी हेसला में गुरूवार को पंचायत के मुखिया शांति देवी, पंसस मो होजैफा,उप मुखिया जितेन्द्र प्रसाद,एच एम शिवशंकर कुमार, समाजसेवी कामेश्वर प्रजापति, सत्येन्दर प्रसाद ने संयुक्त रूप से वर्ग 1व 2 के अध्ययनरत 64 छात्र छात्राओं के बीच पोशाक का वितरण किया।पोशाक वितरण के संबंध में जानकारी देते हुए एचएम शिवशंकर कुमार ने बताया कि वर्ग एक व दो मे पढने वाले 68 छात्र छात्राओं का विभाग द्वारा दो-दो सेट ड्रेस, जुता मौजा उपलब्ध कराया गया था जिसे आज गुरूवार को पंचायत प्रतिनिधियों के हाथों छात्र-छात्राओं के बीच वितरण किया गया। मौके पर सिआरपी संजिव कुमार साव, शिक्षक मो महताब, नरेश उरांव, श्याम नन्दन, नरेश उरांव, दिपु प्रसाद, अनेश राम, बृजु राम, अभिभावक सहित कई स्कुली छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

### रेल प्रशासन जनता के साथ अन्याय कर रही है

# कोयला लदा ट्रेन निरंतर चल रही है : रवि डे

मुकेश कुमार सिंह

**चंदवा।** चंदवा लातेहार जिला के समाजसेवी झारखंड विकास समिति के अध्यक्ष रवि कुमार डे ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए रेल प्रशासन पर आरोप लगाया है और कहा है कि रेल प्रशासन स्टेशनों पर काम का हवाला देकर यात्री ट्रेन को दूसरे रास्ते पर चला रहे है जबकि दिन रात देखा जा रहा है कि बरवाडीह बरकाकाना रेलखंड पर मालवाहक ट्रेन निरंतर 24 घंटे चल रही है यात्री ट्रेन को 30 दिसंबर 2022 तक बंद होने से आम जनता ओं को काफी



परेशानी में डाल दिया है। सबसे ज्यादा गढ़वा पलामू लातेहार के सवारियों को ट्रेन बंद होने से असर पड़ा है वहीं नये साल के आने से पहले ही आम जनता का पॉकेट काटना रेल प्रशासन के द्वारा शुरू कर दिया गया है आम जनता रेल प्रशासन के रवैया से यह कह रही है कि रेल प्रशासन अब सिर्फ कोयला ढोने से मतलब रख रही है आम जनता से कुछ लेना-देना नहीं है। यह भी कहा कि झारखंड से रेल प्रशासन को सवारी गाड़ी चलाने से घाटा महसूस हो रही है जिससे दिन रात कोयला भरा रहा ट्रेन ले जा रही है। राजस्व कि जबरदस्त मुनाफा होने के बाद भी झारखंड कि जनता विशेषकर पलामू प्रमंडल की जनता को रेल प्रशासन अनदेखी कर रही है जो बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। यहां के भोले भाले जनता को रेल के अधिकारी इस तरह से व्यवहार कर रहे हैं जैसे यहां की जनता कोई गलती कर दिया हो। अधिकार से भी रेल प्रशासन पलामू प्रमंडल की जनता को वंचित करने का काम कर रही है पूरे देश में बिजली का उत्पादन कोयले से होता है और कोयला सबसे ज्यादा झारखंड के क्षेत्र से जाता है और झारखंड के लोगों को बिजली भी ठीक तरीके से नहीं मिल रही है। और बिजली भी काफी महंगी मिल रही है। आज देखा जा रहा है झारखंड कि जनता बिजली महंगी होने के कारण बिल भरते भरते परेशान होते जा रहे हैं उसके बावजूद भी बिजली 24 घंटे में कभी-कभी दर्शन देती है। क्षेत्र के विधायक एवं सांसद मंत्री रेल के इस तुगलकी फरमान से जन विरोधी कार्य करने से रोके नहीं तो प्रमाणित होता है कि झारखंड का अधिक से अधिक कोयला अन्य राज्यों में जा रहा है और यहां की जनता के साथ घोर अन्याय किया जा रहा है जिस तरह से कोयले की ढुलाई हो रही है उस तरह से झारखंड खोखला हो रहा है।

## कृषक पाठशाला का हुआ शुभारंभ

**बारियातु।** प्रखंड के साल्वे पंचायत अंतर्गत बारिखाप के बोंगाठ टोला में कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन (आत्मा) लातेहार द्वारा गुरूवार को कृषक पाठशाला का शुभारंभ कृषी विज्ञान केंद्र के प्रधान वैज्ञानिक डॉ सुनिता कांडेयाग व कृषी तकनीकी सुचना केंद्र बारियातु के एटीएम शमीम अंसारी के संयुक्त अध्यक्षता में किया गया। कृषी पाठशाला के संबंध में जानकारी देते हुए वैज्ञानिक डॉ सुनिता ने बताई कि इस पाठशाला के माध्यम से बिरसा किसानों को वैज्ञानिक तरिके से मटर की खेती और बीज उपचार, रोपनी एवं लाईन साइडिंग के बारे में विस्तार पूर्वक चर्चा कर जानकारी दी गई। साथ ही साथ बिरसा किसानों को खेती करने का वैज्ञानिक तकनीकी से खेती करने के लिए प्रेरित किया गया। पाठशाला का संचालन सुजित उरांव ने किया।

## धान क्रय केंद्र का डीडीसी किया उद्घाटन

**मानिका (लातेहार)।** मनिका प्रखंड के लैंपस पास धान क्रय केंद्र का उद्धाटन किया गया। उद्घाटन लातेहार जिला के डीडीसी सुरेंद्र कुमार वर्मा ने फीता काटकर किया। मौके पर सुरेंद्र कुमार वर्मा ने कहा कि धान क्रय केंद्र का उद्घाटन होने से यहां के किसानों को अपने धान बेचने के लिए काफी सुविधा मिलेगी। उन्होंने कहा कि किसानों के द्वारा खेती की गई धान को सरकारी रेट के अनुसार अच्छे मुनाफे पर खरीदी जायेगी। जिससे किसानों को अच्छा फायदा होगा उनके मेहनत के अनुसार उन्हें अपने फसलों का दाम मिल सकेगा। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी वीरेंद्र किंडो, प्रखंड प्रमुख प्रतिमा देवी, सीओ अजय कश्यप, कॉन्ग्रेस जिला उपाध्यक्ष सुरेंद्र पासवान, बीस सूत्री प्रखंड अध्यक्ष विश्वनाथ पासवान, सुरेंद्र भारती, मिथिलेश पासवान, विधायक प्रतिनिधि दरोगी प्रसाद यादव, राजद प्रखंड अध्यक्ष जितेंद्र प्रसाद यादव, धान क्रय केंद्र संचालक सत्येंद्र कुमार यादव, समेत सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## धान अधिप्राप्ति केंद्र का फीता काटकर उद्घाटन

**हेरहंज-(लातेहार)** प्रखंड कार्यालय परिसर स्थित एफसीआई गोदाम में लातेहार अनुमंडल पदाधिकारी शेखर कुमार, बीडीओ जिला परिषद सदस्या चंचला देवी, उप-प्रमुख-विजय उरांव, सांसद प्रतिनिधि-रूपेंद्र जायसवाल, बिससूत्री अध्यक्ष-रामवृक्ष गंझू व समाज सेवी-टुनु राम के द्वारा संयुक्त रूप से धान अधिप्राप्ति केंद्र का फीता काटकर उद्घाटन किया गया। एसडीएम श्री कुमार ने कहा सरकार के निर्देश पर राज्य के सभी जिलों में 15 दिसम्बर 2022 से धान की अधिप्राप्ति केंद्र खोलना था, जिसके उपरांत 15 दिसम्बर को धान अधिप्राप्ति केंद्र का उद्घाटन किया जा रहा है। जिससे किसानों को धान का उचित मूल्य मिल सके। मौके पर उपस्थित सभी प्रतिनिधियों प्रखंड कर्मियों व किसानों को धान अधिप्राप्ति को लेकर किसानों को जागरूक करने की बात कही।

## कार्यक्रम : सरना धर्म जमीन बचाओ महारैली में गरजे वक्ता

# संक्रमण काल से गुजर रहे हैं आदिवासी : चमरा

**जल जंगल जमीन की रक्षा के लिए होगा अनवरत आंदोलन : जिगा मुंडा**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गुमला।** सरकारी अफसरों और कर्मचारियों की मिलीभगत से झारखंड में लगातार आदिवासियों की जमीन छीनने का काम किया जा रहा है। उक्त बातें बिशुनपुर विधायक चमरा लिंडा ने अपने उद्बोधन में कही। वह गुरुवार को गुमला के पुगू नवाटोली स्थित सरना मैदान में आयोजित सरना धर्म जमीन बचाओ महारैली में बतौर मुख्य अतिथि आमंत्रित थे। उन्होंने कहा कि आदिवासियों की जमीन रात-दिन छीनी जा रही है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में आदिवासी संक्रमण काल से गुजर रहा है। क्योंकि आदिवासियों की पहचान उनकी जमीन से है। श्री लिंडा ने कहा कि जमीन से ही आदिवासियों की संस्कृति है, जमीन ही आदिवासियों का धर्म है। जमीन पर ही आदिवासियों का सरना स्थल है। वहीं कार्यक्रम में प्रमुख वक्ता के रूप में उपस्थित सिसई विधानसभा क्षेत्र के विधायक जिगा सुसारण होरो उर्फ जीगा मुंडा ने कहा कि हम सरना स्थल की जमीन के लिए हमेशा आंदोलनरत रहे हैं। धर्म संस्कृति की रक्षा हमारा कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि हमारी संस्कृति में जतरा है। हमारी संस्कृति पूजा है और जहां जहां पर हमारी पूजा स्थल और जतरा स्थल है, वह जमीन अगर जबरन हस्तांतरित की गई तो इसके लिए आदिवासी समुदाय आवाज उठाएगा। उन्होंने स्पष्ट कहा कि हमारी सरकार आदिवासी सरना मूल वासियों के लिए लगातार काम कर रही है, और जिस जमीन के लिए आज यहां पर हजारों लोग उपस्थित हुए हैं जमीन की आवाज भी हम सरकार तक पहुंचाएंगे, ताकि हमारी संस्कृति के साथ न्याय हो सके।

मौके पर शिवराम कश्यप, अभिषेक लकड़ा, मोहनलाल उरांव, संजय उरांव, फकीरचंद, संजय, कार्तिक उरांव, संतोष तिर्की, जतरू उरांव, सुनील उरांव, संदीप, प्रकाश करमाली, छोटेलाल करमाली, सत्येंद्र, संतोष मुंडा, मुन्नी लाल मुंडा, संजू, जगन्नाथ, गौतम करमाली, कामाख्या, अमृता भगत समेत अन्य मौजूद थे।




### दो हजार मोटरसाइकल सवार हुए रैली में शामिल



सरना धर्म जमीन बचाओ महारैली में मोटरसाइकिल सवारों का बहुत बड़ा जत्था शामिल हुआ। अनुमान के अनुसार लगभग दो हजार मोटरसाइकिल सवार इस रैली में शामिल हुए। मोटरसाइकिल रैली नागफेनी से लगभग 20 किलोमीटर दूरी तय कर गुमला जिला मुख्यालय पहुंची। जहां सबसे पहले पुगु नवाटोली स्थित कार्यक्रम में लोग शामिल हुए। तत्पश्चात वहां से निकलकर उपायुक्त कार्यालय पहुंचकर रैली का समापन हुआ।

### डीसी को सौंपा ज्ञापन, कहा 1950 में सादा हुकुमनामा में कैसे हस्तांतरित की गई भूमि



सरना धर्म जमीन बचाओ महारैली के समापन के साथ ही मोटरसाइकिल रैली में शामिल लोगों के साथ विधायक चमरा लिंडा व जिगा मुंडा गुमला उपायुक्त के कार्यालय पहुंचे। जहां उन्होंने उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा। उक्त ज्ञापन में श्री लिंडा ने कहा कि गुमला जिला के ऊर्मी पंचायत अंतर्गत मौजा उर्मी के खाता नंबर 3 प्लॉट नंबर 1245 रकबा 6.14 एकड़ की भूमि में गुमला और आसपास के आदिवासी समाज के लोग सरना पड़हा व्यवस्था के अंतर्गत बरसों से सरना पूजा करते चले आ रहे हैं। जब इस राज्य में राजा, अंग्रेज और जमींदारों का शासन हुआ करता था उससे पूर्व उक्त जमीन पर गीत, नृत्य व प्रतीक चिन्ह जतरा, पूजा अर्चना आज तक निरंतर जारी है। विज्ञप्ति में कहा गया कि लैंड रीफार्मेशन एक्ट के आधार पर 1946 के बाद कोई भी जमींदार भूमि का हस्तांतरण सादा हुक्मनामा में नहीं कर सकता। किंतु उक्त जमीन को 1950 में सादा हुकुमनामा पर सुबोध कुमार लाल को यह भूमि हस्तांतरित की गई है। जो लैंड रीफार्मेशन कानून का उल्लंघन है। विज्ञप्ति के अनुसार यह मांग की गई है कि लैंड रीफार्मेशन एक्ट के धारा 5,6,7 के तहत सारे कागजात की जांच की जाए और 1 जनवरी 1946 के बाद उक्त भूमि के स्थानांतरण में सादा हुक्मनामा के साथ-साथ डीसी की अनुमति प्राप्त है या नहीं यह जांच कर इसका निष्कर्ष निकाला जाए। उपायुक्त को ज्ञापन सौंपने के बाद चमरा लिंडा और जिगा मुंडा ने कहा कि यह लाखों लोगों की आस्था का सवाल है। इसलिए इस मामले में गंभीरता से न्याय पूर्वक विचार किया जाए। उपायुक्त ने कहा कि इस मामले को गंभीरता से लिया जायेगा। उन्होंने एसडीओ रवि जैन को मामले की छानबीन का आदेश दिया।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### राज्य स्तरीय टीम ने किया विद्यालयों व बीआरसी कार्यालय का निरीक्षण



**सिसई (आजाद सिपाही)।** झारखंड शिक्षा परियोजना के वार्षिक बजट अनुश्रवण व अनुसमर्थन समापन को लेकर राज्य स्तरीय टीम के द्वारा गुरुवार को स्कूलों व बीआरसी कार्यालय का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में राज्य स्तरीय टीम में रिसर्च आफिसर डॉ प्रवीण कुमार, प्रिया कुमारी व असिस्टेंट कम्प्यूटर प्रोग्रामर जितेन्द्र कुमार शामिल थे। टीम ने नेता जी सुभाषचन्द्र बोस सामर्थ विद्यालय, रा. उत्क्रमित उच्च विद्यालय प्रखंड मुख्यालय व संत तुलसीदास उच्च विद्यालय का निरीक्षण किया। इस दौरान विद्यालयों भवनों, रखरखाव, मिड डे मील, शिक्षक व छात्र उपस्थिति पंजी सहित शिक्षा के स्तर का मूल्यांकन किया गया। वहीं विद्यालयों में अध्ययनरत छात्रों से भी जानकारी प्राप्त की गई, साथ ही तुलसीदास उच्च विद्यालय में संचालित स्मार्ट क्लास पर प्राचार्य व शिक्षकों को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिये गये। डॉ प्रवीण झा ने बताया कि शिक्षा की दशा व दिशा में आवश्यक सुधार व तेजी लाने को लेकर सैम्पल स्टडी व जांच के तहत निरीक्षण किया गया है। निरीक्षण के दौरान सामने आयी बातों को लेकर रिपोर्ट तैयार कर विभाग को समर्पित किया जाएगा। जिससे शिक्षा के स्तर पर वांछित सुधार, सुविधाएं व गुणवत्तापूर्ण शिक्षा व्यवस्था व नीति निर्धारण का समावेश हो सके।

### नावागढ़ लैंपस में धान अधिप्राप्ति केंद्र का उपायुक्त ने किया उद्घाटन




**रायडीह (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित नावागढ़ लैंपस में गुरुवार को धान अधिप्राप्ति केंद्र का शुभारंभ गुमला उपायुक्त सुशांत गौरव, डीएसओ गुलाम समदानी, प्रखंड प्रमुख ममता सोरेंग, उपप्रमुख दीपक कुजूर की उपस्थिति में किसानों के द्वारा फीता काटकर और नारियल फोड़कर किया गया। इस दौरान उपायुक्त ने कहा कि किसी भी प्रकार की कोई कटौती नहीं करनी है। उन्होंने किसानों से धान खरीदी के तुरंत बाद पावती रसीद देने का निर्देश दिया। उन्होंने मुख्यालय परिसर के गोदामों का औचक निरीक्षण कर रंगरोगन करने का निर्देश लैंपस कर्मियों को दिया। इस मौके पर बीसीईओ शैलेश कुमार, मुखिया किरण बिलुंग, चुंया कुजूर, उपमुखिया तस्लीम खान, प्रेम प्रसाद, अब्दुल गफ्फार, ब्रजेश्वर प्रसाद, लालो राय और किसान मौजूद थे।

### सांसद के प्रयास से मसिया गांव में 100 केवीए का नया ट्रांसफॉर्मर लगाया गया



**भरनो (आजाद सिपाही)।** भरनो प्रखंड के तुरिआम्बा पंचायत अंतर्गत मसिया गांव में 100 केवी का नया ट्रांसफॉर्मर लगाया गया। जिसका उद्घाटन प्रखंड प्रमुख पारस नाथ उरांव के द्वारा विधिवत फीता काटकर और नारियल फोड़कर किया गया। मौके पर प्रमुख पारस नाथ उरांव ने कहा कि मसिया गांव में लगे 63 केवी का टांसफॉर्मर पिछले एक महीना से जलकर खराब पड़ा हुआ था। जिस कारण गांव के लगभग 100 घरों में बिजली आपूर्ति ठप थी और गांव के लोग अंधेरे में रात गुजार रहे थे। ग्रामीणों द्वारा बिजली विभाग को कई बार यहां खराब ट्रांसफॉर्मर को बदलने की मांग की गई थी। इसके बाद ग्रामीणों द्वारा इसकी लिखित शिकायत करते हुए सांसद सुदर्शन भगत, समीर उरांव और पूर्व विधायक डॉ दिनेश उरांव से खराब पड़े ट्रांसफॉर्मर को बदलने की मांग की गई थी। उसके बाद ही दोनों सांसदों और पूर्व विधायक डॉ दिनेश उरांव की पहल पर खराब पड़े 63 केवी का ट्रांसफॉर्मर को बदल कर 100 केवी का नया ट्रांसफॉर्मर लगवाया गया। मौके पर संतोष कुमार पांडा, गोबिंद लोहरा, लाझो उरांव, चरकु उरांव, सोमरा उरांव, अंगनु उरांव, जगमोहन बड़ाईक, जितेंद्र उरांव, सुकरा उरांव, बिपिन उरांव, लच्छू उरांव, प्रीतम उरांव, मंगरा उरांव, भंडा उरांव, बजरंग उरांव, सुनील उरांव, सुभाष उरांव, पुनई उरांव सहित कई ग्रामीण मौजूद थे।

### प्रखंड स्तरीय जनसुनवाई कार्यक्रम में 10 पंचायतों की समस्याओं का किया गया निष्पादन



**भरनो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड कार्यालय परिसर स्थित सभागार में गुरुवार को प्रखंड स्तरीय जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहां मनोनीत जूरी मेम्बर प्रमुख पारसनाथ उरांव, अमरेश्वर सिन्हा और रंजीत उरांव की उपस्थिति में भरनो के 10 पंचायतों का मनरेगा योजना योजना अंतर्गत संबंधित समस्याओं का निष्पादन किया गया। जिन समस्याओं का निष्पादन नहीं हो पाया उसे जिला भेजने की बात कही गई। जनसुनवाई कार्यक्रम में ऑडिटर की भूमिका रामाकांत मिश्रा, आंजन उरांव, इजराइल अंसारी, पूनम लकड़ा ने निभाई। मौके पर बीपीओ जास्मिन केरकेट्टा, जितेंद्र मिश्रा, अमरेश्वर कुमार सिन्हा, पंचायत सचिव रोजगार सेवक और पंचायत के मुखिया उपस्थित थे।

### राजी पड़हा देवान बाबा भिखराम भगत की जयंती समारोह मनाने का निर्णय



**घाघरा (आजाद सिपाही)।** राजी पड़हा के प्रथम देवान सुविख्यात बाबा भिखराम भगत की जयंती समारोह को सफल बनाने को लेकर राजी कोटवार कैप्टन लोहरा उरांव की अध्यक्षता में बैठक घाघरा में की गयी। बैठक में निर्णय लिया गया कि जयंती समारोह परम्परागत व धूमधाम के साथ मनाया जायेगा। जिसमें मुख्य अतिथि घाघरा प्रखंड क्षेत्र के पहानों के अध्यक्ष प्रेमचंद भगत होंगे। इस अवसर पर पड़हा पुंज मासिक पत्रिका को फिर से प्रकाशित करने का निर्णय लिया गया। बैठक में कैप्टन लोहरा उरांव ने कहा कि जयंती समारोह के अवसर पर क्षेत्र के कई परम्परागत सामाजिक अगुवाओं को सम्मानित भी किया जायेगा। समारोहपूर्वक सम्मान करना आज जरूरी इसलिए भी हो गया कि हमारे परम्परागत सामाजिक अगुवाओं की वजह से आज हमारी भाषा-संस्कृति, रीति-रिवाज, नेगचार, पर्व-त्योहार, शादी-विवाह, जनम से लेकर मरण तक के हर संस्कार के धरोहर को जीवित रखने में इनका निःस्वार्थ सात्विक योगदान होता है। उन्होंने यह भी कहा कि इन्हें कभी भी समारोहपूर्वक उचित सम्मान प्रदान नहीं किया जाता है। इसे जरूरी समझते हुए हमसबों को अपने कर्तव्य निभाने की आवश्यकता है। इस अवसर पर वर्तमान राजी देवान फौदा उरांव ने कहा कि हर गांव के परम्परागत सामाजिक अगुवागण अपनी भूमिका पूरी लगन व तनम्यता के साथ युगों से निभाते आ रहे हैं। ये उचित सम्मान के असल हकदार हैं। इस अवसर पर आने वाले खोड़हा को भी पुरस्कृत किया जायेगा। अगली बैठक घाघरा में 21 दिसम्बर को पुनः करने का निर्णय लिया गया। जिसमें समारोह की सफलता के लिए कार्य-विभाजन किया जायेगा। बैठक में मुख्य रूप से दिनेश पहान, कर्मवीर भगत, राजेन्द्र भगत, देवेन्द्र उरांव, जितेन्द्र भगत, महाबीर उरांव, सतीश उरांव, सुनित उरांव, लालदेव उरांव, जनार्दन टाना भगत, महारथी मिंज, सुधा कुमारी भगत, पार्वती उरांव, मीना भगत, सपना भगत सहित कई लोग उपस्थित रहे।

## राजभवन के समक्ष किसान-मजदूरों के धरना की तैयारियों को लेकर झानद नेताओं ने किया चैनपुर का दौरा

**सरकार की गलत नीतियों के कारण मजदूर व किसानों का चौतरफा शोषण हो रहा है, जिसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा : विजय सिंह**

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**गुमला।** झारखंड नवनिर्माण दल व अखिल भारतीय क्रांतिकारी किसान सभा के संयुक्त बैनर तले रांची के राजभवन के समक्ष 20 दिसंबर 2022 को आयोजित विशाल धरना कार्यक्रम की तैयारी को लेकर झारखंड नवनिर्माण दल के नेताओं ने चैनपुर अनुमंडल क्षेत्र का दौरा किया। कार्यकर्ताओं से कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की गई।

मौके पर झारखंड नवनिर्माण दल के केंद्रीय संयोजक विजय सिंह ने कहा कि सरकार की गलत नीतियों के कारण मजदूर व किसानों का चौतरफा शोषण हो रहा है, जिसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। श्री सिंह ने 20 दिसंबर 2022 को चैनपुर, जारी व डुमरी प्रखंड क्षेत्र से सैकड़ों की संख्या में धरना कार्यक्रम में रांची चलने की अपील की। विदित हो कि धान खरीद में नगद भुगतान, ग्रामीण क्षेत्र में पुराना बिजली बिल को माफ करने, केसीसी लोन माफी का किसानों को प्रमाण-पत्र देने, किसानों की सहमति से व निगरानी में सिंचाई जैसी योजना चलाने तथा मजदूर हित की मांग को लेकर कार्यक्रम की तैयारी में पंचायत और ग्राम स्तर पर स्थानीय नेता व कार्यकर्ता जुटे हुए हैं। मौके पर फिलमोन कुजूर, भूषण सिंह, फबयानुस सारस, प्रकाश उरांव, बिनय सिंह, गोपाल लोहरा, इमानुएल उरांव, चितरूस उरांव, रामचंद्र बैगा, सुरेंद्र बैगा, मोहन तिर्की सहित अन्य उपस्थित थे।

### पालकोट लैंपस में धान अधिप्राप्ति केंद्र खुला

**पालकोट (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित पालकोट लैंपस में गुरुवार को धान अधिप्राप्ति केंद्र का शुभारंभ पालकोट बीडीओ मनीष कुमार व बीसीओ के द्वारा फीता काटकर किया गया। इस दौरान बीडीओ ने कहा कि किसी भी प्रकार की कोई कटौती नहीं करनी है और अधिक से अधिक किसानों को लाभ पहुंचाये, किसानों से धान खरीदी के तुरंत बाद पावती रसीद देने का निर्देश दिया। इस मौके पर बीसीओ, मुखिया जसिंता मिज, प्रमुख सोनी लकड़ा, बीस सूत्री के सुबोध लकड़ा, लेम्प्स के सचिव प्रमोद साहू के अलावे कई लोग मौजूद थे।

### दुर्घटना में बाइक सवार दो युवकों की मौत

**बसिया (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत लोंगा गांव में मोटरसाइकिल सवार दो युवकों ने रांची-सिमडेगा मुख्य पथ पर बुधवार देर रात सड़क किनारे स्थित पेड़ को टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में मोटरसाइकिल सवार दोनों युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। युवकों की पहचान रांची जगरनाथपुर नायक टोली निवासी दीपक नायक एवं राजू नायक के रूप में हुई है। गुरुवार सुबह जब ग्रामीणों की नजर सड़क किनारे दुर्घटनाग्रस्त यामाहा मोटरसाइकिल जेएच01 डीआर 1008 के साथ दोनों युवकों के शव पर पड़ी तो घटना की सूचना बसिया पुलिस को दी गई। जिसके बाद 108 एम्बुलेंस से दोनों युवकों के शव को उठा कर रेफरल अस्पताल लाया गया। बताया जाता है कि दोनों युवक रांची से देर रात कोलेबिरा जा रहे थे।

## शिक्षा विकास की कुंजी है : बुधेश्वर उरांव

**मिशन बदलाव ने भरनो के सुपा गांव में शिक्षा जागरूकता अभियान चलाया**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**गुमला।** मिशन बदलाव सदस्य बुधेश्वर उरांव के द्वारा आज भरनो के सुपा गांव में शिक्षा जागरूकता अभियान चलाया गया। डमरू बजा कर गांव वालों को इकठ्ठा करके उन्हें शिक्षा के महत्व के बारे बताता गया।

उन्होंने कहा कि आप सभी लोग जानते हैं शिक्षा के बिना जीवन अधूरा है जहां शिक्षा हैं वहां विकास है। हम करोड़ों रुपया कमा लिए पर उस पैसा को खर्चा करने के लिए भी शिक्षा का होना बहुत जरूरी है। आज जैसे-जैसे शिक्षा का महत्त्व बढ़ता जा रहा है। गांव में शिक्षा का स्तर घटता जा रहा है। इसके बहुत से कारण हैं। सबसे मुख्य कारण है गार्जियन का अशिक्षित होना। दूसरा गांव के शिक्षित लोगों का स्वार्थीपन। तीसरा गरीबी, सुविधा का अभाव इत्यादि। इसी तरह बहुत से कारण हैं जिसके कारण शिक्षा का स्तर घटता जा रहा है। इसमें सुधार के लिए सभी शिक्षित लोगों को आगे आना होगा। आज मैंने डमरू बजा कर ग्रामीणों को इकट्ठा किया और शिक्षा के विषय में बहुत ही बारिकी से समझाया और स्कूल छोड़ चुकी बहुत बच्चों में से कुल आठ बच्चों को खुद स्कूल ले जा कर पुनः नामांकन करवाया। यह कार्य कर मैं बहुत खुश हूं कि ईश्वर ने मुझे यह अवसर प्रदान किये। उन्होंने कहा जिस दिन गांव शिक्षित हो जायेगा उस दिन देश अपने आप शिक्षित हो जायेगा और शिक्षित समाज से ही मेरा देश महान होगा।

## आधुनिक खेती से बंगरू गांव के किसानों में आयी खुशहाली

**जेएसएलपीएस की जोहार परियोजना से जुड़कर माधु खड़िया परिवार के दस सदस्यों के साथ जी रहे सम्मानजनक जीवन**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



पालकोट। प्रखंड अंतर्गत बंगरु पंचायत के बंगरु गांव के किसान माधु खड़िया अपने परिवार के दस सदस्यों के साथ कृषि से आय कर एक सम्मानजनक जीवन जी रहे हैं। माधु खडिया के परिवार में छह बच्चे, पत्नी एवं माता-पिता को मिलाकर कुल दस लोग हैं। वे खेती के सहारे जीवन यापन कर रहे हैं, लेकिन खेती करने में संसाधनों की कमी के कारण उतनी आय नहीं होती थी, जिससे परिवार का पेट भर सके। जिसके बाद जेएसएलपीएस द्वारा संचालित जोहार परियोजना के द्वारा दो वर्ष पूर्व माधु खड़िया के कृषि जमीन में सोलर लिफ्ट लगाया गया। जिसके बाद जोहार परियोजना द्वारा सिंचाई सुविधा प्राप्त होने पर माधु खड़िया खूब मेहनत कर अपने जीवन स्तर में आमूल चूल परिवर्तन लाते हुए साल में तीन फसल उगाने लगे और अभी सम्मानजनक जीवन यापन कर रहे हैं। मालूम हो कि किसानों के लिये बेहतर जीवन यापन के लिये जेएसएलपीएस द्वारा संचालित जोहार परियोजना किसानों को न केवल खेती के लिए कृषि संसाधन उपलब्ध करा रही है बल्कि फसलों को मार्केटिंग सुविधा भी प्रदान कर रही है।

जोहार परियोजना उत्पादक समूह बनाकर काम कर रही है और किसानों को उन्नत कृषि के लिए प्रशिक्षण देने, मिट्टी जांच, सही बीज, मार्केटिंग समेत अन्य सुविधा उपलब्ध कराने में मदद करते हैं। बंगरु के जीवन झरना उत्पादक समूह सोलर लिफ्ट एरिया के दस किसान खेती कर रहे हैं। इसी में शामिल किसान माधु खड़िया ने बताया कि दो साल पूर्व जोहार के द्वारा सिंचाई के लिये सोलर लिफ्ट लगाया गया है। उस समय से अब तक बहुत अच्छे से तीन बार फसल उत्पादन कर रहे हैं जिससे सभी किसान अपने बाल बच्चों को पढ़ा पा रहे हैं। अब कृषि से सालाना लगभग एक लाख तक की आमदनी हो रही है। आधुनिक खेती एवं जोहार परियोजना से प्राप्त सहायता से बंगरू गांव के किसान खुशहाल जीवन यापन कर रहे हैं।

## कार्यक्रम : मूक वधिर विद्यालय के बच्चों को उपायुक्त ने दिये गर्म वस्त्र व अन्य सामग्री, कहा

# दिव्यांग बच्चों के च्वाईस विजिट का बन रहा है प्लान

**बेहतर शिक्षा प्राप्त कर बच्चे समाज के विकास में आगे चलकर योगदान करें : उपायुक्त**

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**गुमला।** केवल दूसरों को उपदेश देना बड़ा आसान है, मजा तो तब है जब उपदेशक खुद उस उपदेश को चरितार्थ करे। और ये कहने में किसी को भी संकोच नहीं होना चाहिए कि गुमला के उपायुक्त सुशांत गौरव पहले खुद करते हैं फिर दूसरों को करने की नसीहत देते हैं।

गुरुवार को उपायुक्त सुशांत गौरव सीलम स्थित मूक वधिर आवासीय विद्यालय पहुंचे। वहां के बच्चों के बीच उन्होंने गर्म वस्त्र, यूनिफार्म, जूता, मोजा, गर्म टोपी आदि का वितरण किया। अब आप महसूस कीजिए कि उन बच्चों के चेहरों पर कैसी मुस्कान आयी होगी, जब उपायुक्त खुद अपनें हाथों से मूकबधिर बच्चों को उनके उपयोग की सामग्री दे रहे होंगे।

वाकई बच्चे उपायुक्त से सामग्री पाकर काफी खुश थे। मूक वधिर आवासीय विद्यालय में बड़ी संख्या में दिव्यांग बच्चे अध्ययनरत हैं। जिनके माता-पिता गरीबी रेखा की श्रेणी में आते हैं।

पूर्व में उपायुक्त ने विद्यालय के बच्चों की स्थिति देखी थी तो उन्हें स्वेटर सहित अन्य सामग्री प्रदान करने का वादा किया था। जिसे पूरा करते हुए उन्होंने कहा कि वे जल्द ही बच्चों के च्वाईस विजिट का भी प्लान बना रहे हैं ताकि वे अपने इच्छा के अनुरूप घूम सकें। उपायुक्त ने कहा कि दिव्यांग बच्चे समाज के अभिन्न अंग हैं। इनको वो सभी खुशियां मिलने चाहिए जो जरूरी है। उन्होंने कहा कि बेहतर शिक्षा प्राप्त कर बच्चे समाज के विकास में आगे चलकर योगदान करें।

इस अवसर पर विद्यालय में पढ़ने वाले करीब 42 बच्चों के बीच स्वेटर सहित अन्य सामग्री व मिठाई का वितरण किया गया। इस मंजर को देख कर वो दिन याद आ गये जिस दिन उपायुक्त सदर अस्पताल का निरीक्षण कर रहे थे और एक बच्चे को एबी पॉजिटिव ग्रुप का खून नहीं मिलने का मामला सामने आया था। बल्ड बैंक में ये ग्रुप उपलब्ध नहीं था और इत्तेफाक से यही ग्रुप उपायुक्त का भी था। उन्होंने कहा मेरा रक्तदान किये तीन महीने होने में कुछ दिन बचे हैं। लेकिन मैं इस बच्चे को खून दूंगा। और थोड़ी देर बाद उन्होंने रक्तदान किया। खैर उपायुक्त की ये क्रियाशीलता चर्चा में है।

दिव्यांग बच्चों को वस्त्र वितरण के समय जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सीता पुष्पा, विद्यालय के प्रधानाध्यापक नंदकिशोर बाबू सहित कई लोग उपस्थित थे।

